(60)

C.S(P)-2010

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

**T.B.C. : N-DTQ-K-EQO** **Test Booklet Series**

**Serial No.**

41941

# TEST BOOKLET

## COMMERCE

**A**

**Time Allowed : Two Hours** **Maximum Marks : 300**

INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET *DOES NOT* HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. ENCODE CLEARLY THE TEST BOOKLET SERIES **A, B, C** OR **D** AS THE CASE MAY BE IN THE APPROPRIATE PLACE IN THE ANSWER SHEET.
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. *DO NOT* write *anything else* on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **120** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose *ONLY ONE* response for each item.
5. You have to mark all your responses *ONLY* on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. All items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator *only the Answer Sheet*. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**
    THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.
    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third (0·33)** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.
    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के पिछले पृष्ठ पर छपा है।

*Directions* :

The following **seven (7)** items consist of two statements, Statement I and Statement II. You are to examine these two statements carefully and select the answers to these items using the code given below :

*Code* :

*(a)* Both the statements are individually true and Statement II is the correct explanation of Statement I

*(b)* Both the statements are individually true but Statement II is ***not*** the correct explanation of Statement I

*(c)* Statement I is true but Statement II is false

*(d)* Statement I is false but Statement II is true

**1.** Statement I :

The auditor gives absolute assurance that material misstatement in financial statements will be detected.

Statement II :

The auditor's opinion helps in determination of the true and fair view of the financial position and operating result of the enterprise.

**2.** Statement I :

There is no specific auditing standard for internal audit works.

Statement II :

Internal audit is an independent and objective assurance and consultancy activity designed to add value and improve an organization's operations.

**3.** Statement I :

Verification of fixed assets consists of examination of related records and physical verification.

Statement II :

Physical verification of fixed assets is the primary responsibility of the management.

**4.** Statement I :

Steffi has entered into an irrevocable agreement to purchase machinery from Baker & Co. for Rs 3,00,000. Steffi has recognized the machinery as an asset and the corresponding liability in her books.

Statement II :

Transfer of ownership and right to the machinery has been bestowed upon Steffi and as such she is entitled to recognize it as an asset.

**5.** Statement I :

Recurring transactions are those transactions, benefits of which are consumed within the accounting year.

Statement II :

Recurring transactions are meant for improving the earning capacity of the business.

**6.** Statement I :

Shares can be issued at a discount by a company at any time if the Articles so provide and a special resolution to that effect is passed.

Statement II :

Usually shares are issued at discount so as to ensure that the issue is fully subscribed.

**निर्देश :**

निम्नलिखित **सात (7)** प्रश्नांशों में दो कथन हैं, कथन I और कथन II. इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कीजिए और इन प्रश्नांशों के उत्तर नीचे दिए गए कूट की सहायता से चुनिए :

**कूट :**

*(a)* दोनों कथन व्यष्टितः सत्य हैं और कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है

*(b)* दोनों कथन व्यष्टितः सत्य हैं, किन्तु कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण **नहीं है**

*(c)* कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है

*(d)* कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सत्य है

**1.** कथन I :

लेखापरीक्षक यह पूर्ण आश्वासन देता है कि वित्तीय विवरणों में महत्त्वपूर्ण गलती पकड़ ली जाएगी।

कथन II :

लेखापरीक्षक की राय उद्यम की वित्तीय स्थिति एवं प्रचालन परिणाम के बारे में सत्य एवं निष्पक्ष अवधारणा के निर्धारण में सहायता करती है।

**2.** कथन I :

आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य के लिए कोई विशिष्ट लेखापरीक्षा मानदंड नहीं है।

कथन II :

आंतरिक लेखापरीक्षा एक स्वतंत्र एवं वस्तुपरक आश्वासन तथा परामर्श प्रक्रिया है जो संगठन के प्रचालन में सुधार एवं मूल्य के समावेश के लिए अभिकल्पित है।

**3.** कथन I :

स्थायी परिसम्पत्ति के सत्यापन में सम्बन्धित अभिलेखों का परीक्षण एवं भौतिक सत्यापन होता है।

कथन II :

स्थायी परिसम्पत्ति का भौतिक सत्यापन प्रबन्ध का प्राथमिक उत्तरदायित्व है।

**4.** कथन I :

स्टेफी ने बेकर ऐण्ड कम्पनी से 3,00,000 रु० की मशीनरी क्रय करने का अविकल्पी करार किया। स्टेफी ने मशीनरी को परिसम्पत्ति के रूप में मान्य किया एवं इसके संगत दायित्व को अपनी लेखा-पुस्तकों में दिखाया।

कथन II :

स्वामित्व का हस्तान्तरण एवं मशीनरी का अधिकार स्टेफी को प्रदान किया गया एवं इससे वह इसे परिसम्पत्ति के रूप में मान्यता देने की हकदार है।

**5.** कथन I :

आवर्त्ती सौदे वे सौदे हैं जिनके लाभों का उसी लेखा वर्ष में उपभोग करना होता है।

कथन II :

आवर्त्ती सौदे व्यवसाय की आय अर्जन क्षमता में सुधार लाने के लिए हैं।

**6.** कथन I :

एक कम्पनी द्वारा शेयर एक बट्टायुक्त दर पर किसी भी समय निर्गमित किए जा सकते हैं यदि ऐसा आर्टिकल में उपबन्धित हो तथा इससे सम्बन्धित विशिष्ट संकल्प पारित किया गया हो।

कथन II :

सामान्यतया शेयर बट्टे पर निर्गमित किए जाते हैं यह सुनिश्चित करने के लिए कि निर्गम पूर्णतया अभिदत्त हो जाएँ।

7. Statement I :

In trading on equity, equity shareholders may receive higher dividend.

Statement II :

On debentures and preference shares, only a fixed rate of interest or dividend is paid.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 only

(d) 1, 2 and 3

8. Consider the following paragraph :

*If the directors have power and authority to bind the company, but certain preliminaries are required to be gone through on the part of the company before that power can be duly exercised, then the person contracting with the directors is not bound to see that all these preliminaries have been observed. He is entitled to presume that directors are acting lawfully in what they do.*

The above paragraph refers to

(a) Constructive Notice

(b) Indoor Management

(c) Ultra vires

(d) Majority Rule

9. Consider the following statements about Balance Sheet :

1. It is always prepared from the point of view of the firm, company or business, and not from that of its owners.
2. The financial relationship of the business to its owners is shown in the amount of capital, reserves and undistributed profits.
3. It is always related to a period of time.

10. Where income-tax laws allow deduction of only a part of an item of expenditure, the disallowed amount would result in

(a) timing difference

(b) internal difference

(c) permanent difference

(d) legal difference

11. Until final settlement, the balance due to a retiring partner is transferred to

(a) retiring partner's Capital Account

(b) retiring partner's Loan Account

(c) Cash Account

(d) Realization Account

12. A company, dealing with greeting card business and in the process of expanding its business beyond its regular products, has issued the statement, "The social expression business". This may be termed as its

(a) objective

(b) strategy

(c) mission

(d) programme

**7.** कथन I :

इक्विटी पर व्यापार में, इक्विटी अंशधारियों को अधिक लाभांश प्राप्त हो सकता है।

कथन II :

डिबेंचर एवं अधिमान शेयरों पर केवल स्थिर ब्याज दर अथवा लाभांश का भुगतान किया जाता है।

**8.** निम्नलिखित अनुच्छेद पर विचार कीजिए :

*यदि निदेशकों के पास कम्पनी को बद्ध करने की शक्ति एवं प्राधिकार है, किन्तु उन शक्तियों का यथोचित प्रयोग करने से पहले, नियत प्रारम्भिकताओं का कम्पनी के द्वारा पूरा किया जाना आवश्यक है, तब निदेशकों के साथ संविदा करने वाला व्यक्ति यह देखने के लिए बाध्य नहीं है कि इन सभी प्रारम्भिकताओं की पूर्ति हुई अथवा नहीं। वह यह प्रकल्पित करने का हकदार है कि निदेशक अपने कार्य करते समय विधिसम्मत व्यवहार कर रहे हैं।*

उपर्युक्त अनुच्छेद किसके संदर्भ में है?

*(a)* रचनात्मक सूचना

*(b)* आन्तरिक प्रबन्ध

*(c)* अधिकारातीत

*(d)* बहुमत नियम

**9.** तुलन-पत्र के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह हमेशा फर्म, कम्पनी या व्यवसाय के दृष्टिकोण के अनुसार बनाया जाता है न कि इसके स्वामी के दृष्टिकोण के अनुसार।
2. व्यवसाय का इसके स्वामी के साथ वित्तीय सम्बन्ध, पूँजी, आरक्षित निधियों एवं अवितरित लाभों के परिमाण में दिखाई देता है।
3. यह हमेशा एक समय अवधि से सम्बन्धित होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1

*(d)* 1, 2 और 3

**10.** जहाँ आयकर नियमों में व्यय की किसी मद के केवल एक भाग की कटौती स्वीकृत होती है, वहाँ अस्वीकृत राशि किसमें परिणमित होगी?

*(a)* समय का अन्तर

*(b)* आन्तरिक अन्तर

*(c)* स्थायी अन्तर

*(d)* विधिक अन्तर

**11.** अंतिम व्यवस्थापन होने तक निवृत्त होने वाले साझेदार को देय शेष कहाँ स्थानान्तरित होता है?

*(a)* निवृत्त होने वाले साझेदार के पूँजी लेखा में

*(b)* निवृत्त होने वाले साझेदार के ऋण लेखा में

*(c)* नकद लेखा में

*(d)* वसूली लेखा में

**12.** ग्रीटिंग कार्ड का व्यवसाय करने वाली एक कम्पनी ने, अपने नियमित उत्पादनों से परे अपने व्यवसाय का विस्तार करने की प्रक्रिया में, यह कथन जारी किया, ''सामाजिक अभिव्यक्ति व्यवसाय''। इस कथन को क्या कह सकते हैं?

*(a)* उस कम्पनी का उद्देश्य

*(b)* उस कम्पनी की व्यूहरचना

*(c)* उस कम्पनी का मिशन

*(d)* उस कम्पनी का कार्यक्रम

13. The first auditor of a company can be removed by the

(a) Board of Directors of the company

(b) Members of the company in the Annual General Meeting

(c) Promoters of the company

(d) National Company Law Tribunal

14. If Opening Stock is Rs 10,000; Net Purchases Rs 70,000; Wages Rs 2,500; Carriage Inwards Rs 500 and Closing Stock Rs 15,000, what is the merchandising cost?

(a) Rs 65,000

(b) Rs 83,000

(c) Rs 68,000

(d) Rs 73,000

15. "Insurance premium accrued but not paid"—this situation will lead to

(a) increase in equity

(b) decrease in both equity and assets

(c) decrease in equity and increase in liabilities

(d) increase in cash flow

16. The objective of auditing is to see whether the

1. financial statements are prepared within the framework of recognized accounting policies
2. propriety of all transactions are checked and evaluated
3. financial statements reflect a true and fair view of actual financial position
4. financial statements are absolutely free from material misstatement

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 and 4

(c) 3 only

(d) 1 and 3 only

17. Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| | *List–I (Table containing Forms of M/A as per Section 14 of the Indian Companies Act, 1956)* | | *List–II (Type of Company)* |
|---|---|---|---|
| A. | Table B | 1. | Company limited by guarantee not having share capital |
| B. | Table C | 2. | Company limited by guarantee having a share capital |
| C. | Table D | 3. | Unlimited liability company |
| D. | Table E | 4. | Company limited by shares |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

**13.** एक कम्पनी के प्रथम लेखापरीक्षक को किसके द्वारा हटाया जा सकता है?

(a) कम्पनी के निदेशक-मण्डल द्वारा

(b) कम्पनी के सदस्यों द्वारा वार्षिक आम सभा में

(c) कम्पनी के प्रवर्तकों द्वारा

(d) राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण द्वारा

**14.** यदि प्रारम्भिक माल 10,000 रु०; निवल खरीद 70,000 रु०; मजदूरी 2,500 रु०; ढुलाई आगत 500 रु० एवं अंतिम माल 15,000 रु० है, तो क्रय-विक्रय लागत क्या होगी?

(a) 65,000 रु०

(b) 83,000 रु०

(c) 68,000 रु०

(d) 73,000 रु०

**15.** "प्रोद्भूत किन्तु अदत्त बीमा किश्त"—यह स्थिति किस ओर ले जाती है?

(a) इक्विटी में वृद्धि

(b) इक्विटी एवं परिसम्पत्ति दोनों में कमी

(c) इक्विटी में कमी एवं देयताओं में वृद्धि

(d) नकद प्रवाह में वृद्धि

**16.** लेखापरीक्षा का उद्देश्य यह देखना है कि

1. क्या वित्तीय विवरण मान्यताप्राप्त लेखाकरण नीतियों के ढाँचे के अन्तर्गत बनाए गए हैं
2. क्या सभी लेनदेनों का औचित्य जाँचा एवं मूल्यांकित किया गया
3. क्या वित्तीय विवरण एक सत्य एवं निष्पक्ष वास्तविक वित्तीय स्थिति को बताते हैं
4. क्या वित्तीय विवरण महत्त्वपूर्ण गलतियों से पूर्णतया मुक्त हैं

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) 1, 2 और 3

(b) 1 और 4

(c) केवल 3

(d) केवल 1 और 3

**17.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची-I (भारतीय कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 14 के प्रपत्र M/A वाली सारणी)** | **सूची-II (कम्पनी के प्रकार)** |
|---|---|
| A. सारणी B | 1. प्रत्याभूति द्वारा सीमित कम्पनी जिसकी शेयर पूँजी नहीं है |
| B. सारणी C | 2. प्रत्याभूति द्वारा सीमित कम्पनी जिसकी शेयर पूँजी है |
| C. सारणी D | 3. असीमित देयता वाली कम्पनी |
| D. सारणी E | 4. शेयर द्वारा सीमित कम्पनी |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

**18.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I (Forecasting Technique)* | *List–II (Application)* |
|---|---|
| A. Econometric Models | 1. Predicting next quarter's sales based on four years of previous sales data |
| B. Sales Force Composition | 2. Predicting change in car sales as a result of changes in tax laws |
| C. Time Series Analysis | 3. Seeking factors that will predict a certain level of sales |
| D. Regression Models | 4. Predicting next year's sales of industrial lasers |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 4 | 1 | 2 |
| *(b)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(c)* | 2 | 4 | 1 | 3 |
| *(d)* | 2 | 1 | 4 | 3 |

**19.** Which one of the following powers of the Board of Directors of a public company can be exercised by the Board only with the consent of the company in general meeting?

*(a)* To borrow money otherwise than on debentures

*(b)* Extension of time for payment of a debt due by a Director

*(c)* To make calls on shareholders in respect of money unpaid on their shares

*(d)* To issue debentures

**20.** Which one of the following statements is true?

*(a)* Capital expenditure does not affect the profitability of a concern but revenue expenditure does

*(b)* Capital expenditure affects the profitability of a concern directly but revenue expenditure does not

*(c)* Capital expenditure affects the profitability of a concern indirectly but revenue expenditure affects directly

*(d)* Both capital expenditure and revenue expenditure affect the profitability of a concern directly

**21.** A steel fabrication firm receives an income for service rendered by its design engineer to a friendly party. How should this be treated in the Profit & Loss Account of the firm?

*(a)* Should be shown as Sales Income

*(b)* Should be shown as Miscellaneous Income

*(c)* Should be shown as Non-operating Income

*(d)* Should not be shown as an income

**18.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | **सूची–I (पूर्वानुमान तकनीक)** | | **सूची–II (अनुप्रयोग)** |
|---|---|---|---|
| A. | इकोनोमेट्रिक मॉडल | 1. | चार वर्षों के पिछले बिक्री आँकड़ों के आधार पर अगले तिमाही की बिक्री का अनुमान |
| B. | विक्रय बल रचना | 2. | कर नियमों में परिवर्तन के परिणामस्वरूप कार बिक्री में परिवर्तन का अनुमान |
| C. | काल-श्रेणी विश्लेषण | 3. | बिक्री के एक निश्चित स्तर के अनुमान के लिए विभिन्न कारकों की खोज करना |
| D. | समाश्रयण मॉडल | 4. | औद्योगिक लेसरों की अगले साल की बिक्री का पूर्वानुमान लगाना |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 4 | 1 | 2 |
| *(b)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(c)* | 2 | 4 | 1 | 3 |
| *(d)* | 2 | 1 | 4 | 3 |

**19.** सार्वजनिक कम्पनी के निदेशक मण्डल की निम्नलिखित शक्तियों में से कौन-सी एक शक्ति बोर्ड द्वारा आम सभा में कम्पनी की सहमति से ही प्रयोग में लायी जा सकती है?

*(a)* डिबेंचरों पर मुद्रा उधार लेने के बजाय किसी अन्य स्रोत से मुद्रा उधार लेना

*(b)* एक निदेशक द्वारा लिए गए ऋण भुगतान के लिए समय का विस्तार

*(c)* शेयरधारकों को उनके शेयरों पर अदत्त राशि के भुगतान के लिए माँग करना

*(d)* डिबेंचरों का निर्गमन करना

**20.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

*(a)* पूँजीगत व्यय किसी भी संस्था की लाभदायकता को प्रभावित नहीं करता जबकि राजस्व व्यय ऐसा करता है

*(b)* पूँजीगत व्यय किसी भी संस्था की लाभदायकता को प्रत्यक्षतः प्रभावित करता है जबकि राजस्व व्यय ऐसा नहीं करता है

*(c)* पूँजीगत व्यय किसी भी संस्था की लाभदायकता को अप्रत्यक्षतः प्रभावित करता है जबकि राजस्व व्यय इसे प्रत्यक्षतः प्रभावित करता है

*(d)* पूँजीगत व्यय एवं राजस्व व्यय दोनों किसी भी संस्था की लाभदायकता को प्रत्यक्षतः प्रभावित करते हैं

**21.** एक स्टील संविरचन फर्म अपने डिज़ाइन इंजीनियर द्वारा अपनी शुभचिन्तक पार्टी को अपनी सेवाएँ समर्पित करने के बदले आय प्राप्त करती है। यह आय फर्म के लाभ एवं हानि लेखा में किस प्रकार दिखाई जानी चाहिए?

*(a)* बिक्री आय में दिखाई जानी चाहिए

*(b)* विविध आय में दिखाई जानी चाहिए

*(c)* प्रचालनेतर आय में दिखाई जानी चाहिए

*(d)* आय के रूप में नहीं दिखाई जानी चाहिए

**22.** A qualified report means a report

(a) by a qualified auditor

(b) specifying qualities of the enterprises

(c) wherein the auditor has stated about the errors, irregularities or frauds

(d) containing effectiveness of management policies

**23.** 'Teeming and lading' implies

(a) auditors, their assistants and other persons in the audit team

(b) concealment of cash collections from customers

(c) examination based on vouchers

(d) establishment of the fact that assets and liabilities exist as per position statement

**24.** Which of the following statements is/are correct?

1. A company can be incorporated without signed Articles of Association.
2. All companies must include the word 'Limited' in their name.
3. Government companies need not get their accounts audited.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

(a) 1, 2 and 3

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 2 only

(d) 1 only

**25.** Consider the following statements regarding strategic and operational plans :

1. Strategic plans tend to look ahead several years or even decades. For operational plans, a year is often the relevant time period.
2. Often operational plans are stated in terms that look simplistic and generic. On the other hand, strategic plans are stated in relatively finer detail.
3. Strategic plans affect wide range of organizational activities, whereas operational plans have a narrow or more limited scope.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 1 and 3

(c) 2 and 3

(d) 1 and 2

**26.** A new tea garden has incurred expenditure in planting tea plants and taking care and rearing them for five years before any tea is manufactured. The expenditure incurred will be categorized as

(a) Deferred Revenue Expenditure

(b) Capital Expenditure

(c) Preliminary Expenditure

(d) Revenue Expenditure

**22.** एक साक्षेप रिपोर्ट से क्या आशय है?

*(a)* एक योग्य लेखापरीक्षक द्वारा रिपोर्ट

*(b)* उद्यम के गुणों का विशेष उल्लेख करने वाली रिपोर्ट

*(c)* एक रिपोर्ट जिसमें लेखापरीक्षक ने त्रुटियों, अनियमितता या कपट का वर्णन किया हो

*(d)* एक रिपोर्ट जिसमें प्रबन्ध की प्रभावी नीतियाँ अन्तर्विष्ट हों

**23.** 'टीमिंग और लेडिंग' से क्या आशय है?

*(a)* लेखापरीक्षकों, उनके सहायकों एवं अन्य व्यक्तियों की लेखा टीम

*(b)* ग्राहकों से एकत्रित नकदी छिपाना

*(c)* वाउचरों पर आधारित जाँच

*(d)* इस तथ्य को स्थापित करना कि परिसम्पत्तियाँ तथा देयताएँ स्थिति विवरण के अनुसार विद्यमान हैं

**24.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. एक कम्पनी हस्ताक्षरित संस्था के अन्तर्नियम के बगैर निगमित की जा सकती है।
2. सभी कम्पनियों को अपने नाम में 'लिमिटेड' शब्द जोड़ना चाहिए।
3. सार्वजनिक कम्पनियों को अपने लेखा ऑडिट करवाने की आवश्यकता नहीं है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 2

*(d)* केवल 1

**25.** निम्नलिखित कथनों पर आयोजन की व्यूहरचना एवं संक्रियात्मक योजनाओं के संदर्भ में विचार कीजिए :

1. आयोजन की व्यूहरचना आगामी कई वर्षों या दशकों की परिकल्पना करती है जबकि संक्रियात्मक योजनाओं के लिए एक वर्ष प्रायः प्रासंगिक समय होता है।
2. प्रायः संक्रियात्मक योजनाएँ सरलीकृत एवं जातिवाचक शब्दों में व्यक्त की जाती हैं। दूसरी ओर, आयोजन की व्यूहरचना अपेक्षाकृत बारीक विस्तृति में व्यक्त होती हैं।
3. आयोजन की व्यूहरचना संगठन के क्रियाकलापों की एक वृहद् परिधि को प्रभावित करती है जबकि संक्रियात्मक योजनाओं का क्षेत्र संकरा या अधिक सीमित होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* 1 और 3

*(c)* 2 और 3

*(d)* 1 और 2

**26.** एक नए चाय बागान में चाय का उत्पादन होने से पहले चाय के पौधों को उगाने एवं देखभाल करने के लिए पाँच वर्ष तक व्यय किया गया। यह किया गया व्यय किस श्रेणी में आयेगा?

*(a)* आस्थगित संचालन व्यय

*(b)* पूँजीगत व्यय

*(c)* प्रारम्भिक व्यय

*(d)* संचालन व्यय

27. Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I (Type of Error)* | *List–II (Example)* |
|---|---|
| A. Errors of Omission | 1. Wrong casting in Cash Book |
| B. Errors of Commission | 2. Considering interest on long-term loan during capitalization period as revenue expenditure |
| C. Errors of Principle | 3. Non-consideration of goods cleared from factory on the last date of the year as sale |
| D. Compensating Errors | 4. Rs 150 excess entered in both Cash Book and General Ledger in opposite side |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 4 | 2 | 1 | 3 |
| *(b)* | 3 | 1 | 2 | 4 |
| *(c)* | 3 | 2 | 1 | 4 |
| *(d)* | 4 | 1 | 2 | 3 |

28. Reserve Capital is that part of total capital of a company which

*(a)* is kept as reserve to meet any future contingencies

*(b)* is set aside to provide fund for capital redemption

*(c)* can be called only when the company goes into liquidation

*(d)* can only be used for redemption of debentures

29. Which one of the following theories/models of motivation identifies three types of basic motivating needs—need for power (n/PWR), need for affiliation (n/AFF) and need for achievement (n/ACH)?

*(a)* Reinforcement theory by B. F. Skinner

*(b)* David C. McClelland's need theory of motivation

*(c)* Porter and Lawler model of motivation

*(d)* Two-factor theory of motivation by Frederick Herzberg

30. A prospectus which does ***not*** contain full information regarding price and quantum of shares offered, is known as

*(a)* Red herring prospectus

*(b)* Statement in lieu of prospectus

*(c)* Incomplete prospectus

*(d)* Abridged prospectus

**27.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची–I** (त्रुटि के प्रकार) | **सूची–II** (उदाहरण) |
|---|---|
| A. चूक | 1. रोकड़ बही में गलत प्रविष्टि दर्शाना |
| B. भूल | 2. दीर्घकालीन ऋण पर ब्याज को पूँजीकरण अवधि के दौरान राजस्व व्यय मानना |
| C. सैद्धान्तिक त्रुटि | 3. फैक्टरी से वर्ष के अंतिम दिन निकाले गए माल को विक्रय न मानना |
| D. प्रतिपूरक त्रुटि | 4. रोकड़ बही एवं खाता बही दोनों में विपरीत तरफ 150 रु० अधिक की प्रविष्टि करना |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 4 | 2 | 1 | 3 |
| *(b)* | 3 | 1 | 2 | 4 |
| *(c)* | 3 | 2 | 1 | 4 |
| *(d)* | 4 | 1 | 2 | 3 |

**28.** एक कम्पनी की कुल पूँजी में से वह भाग आरक्षित पूँजी है

*(a)* जो आरक्षित निधि के रूप में भविष्य की आकस्मिकताओं से निपटने के लिए रखी जाती है

*(b)* जिसे पूँजी शोधन के लिए अलग निधि के रूप में रखा जाता है

*(c)* जिसे केवल तभी प्रयुक्त किया जा सकता है जब कम्पनी का परिसमापन किया जाता है

*(d)* जो केवल डिबेंचरों के शोधन के लिए प्रयोग किया जा सकता है

**29.** निम्नलिखित में से अभिप्रेरण का कौन-सा सिद्धान्त/मॉडल अभिप्रेरण की तीन प्रकार की बुनियादी अभिप्रेरक आवश्यकताएँ—अधिकार की आवश्यकता (n/PWR), सम्बन्धन की आवश्यकता (n/AFF) एवं उपलब्धि की आवश्यकता (n/ACH) की पहचान करता है?

*(a)* बी० एफ० स्कीनर का पुनर्बलन सिद्धान्त

*(b)* डेविड सी० मैक्क्लेलैंड का अभिप्रेरण का आवश्यकता सिद्धान्त

*(c)* अभिप्रेरणा का पोर्टर एवं लॉलर मॉडल

*(d)* फ्रेडरिक हर्ज़बर्ग का अभिप्रेरणा का द्विकारक सिद्धान्त

**30.** एक विवरण-पत्रिका (प्रॉस्पेक्टस), जो प्रस्तावित किए गए शेयरों की कीमत एवं मात्रा की पूर्ण सूचना **नहीं** रखता है, क्या कहलाता है?

*(a)* रेड हेरिंग विवरण-पत्रिका

*(b)* विवरण-पत्रिका के स्थान पर कथन

*(c)* अपूर्ण विवरण-पत्रिका

*(d)* संक्षिप्त विवरण-पत्रिका

31. Fixtures of the book value of Rs 2,500 sold off at Rs 1,600 and new fixtures of the value of Rs 4,000 were acquired. What would be the amount of capital loss if cartage on purchase is Rs 5?

(a) Rs 2,500

(b) Rs 900

(c) Rs 1,605

(d) Rs 4,005

32. Which one of the following actions will ***not*** lead to misappropriation of cash to the firm?

(a) Intentionally omitting to enter any cash, which has been received

(b) Entering fewer amounts than what has been actually received

(c) Making fictitious entries on the receipts side of the Cash Book

(d) Making fictitious entries on the payments side of the Cash Book

33. In which one of the following cases a partner of a Partnership Firm has ***no*** authority to act without the consent of other partners?

(a) Buy and sell goods on behalf of the firm

(b) Borrow money on behalf of the firm by pledging the stock-in-trade or without it

(c) Transfer or sale of immovable property belonging to firm

(d) Receive payments on behalf of the firm and issue valid receipts

34. Hewlett-Packard (HP) is the world-dominant leader in its laser printer business with high growth and high market share. As per Boston Consulting Graph (BCG) matrix, HP falls in which one of the following categories?

(a) Cash cows

(b) Stars

(c) Dogs

(d) Question marks

35. The competence of a company to make contracts is decided by its

(a) Certificate of Incorporation

(b) Memorandum of Association

(c) Articles of Association

(d) Information Memorandum

36. Which of the following international standards are going to be implemented in India w.e.f. 01-04-2011?

(a) International Accounting and Reporting Standards

(b) International Accounting and Auditing Standards

(c) International Financial Reporting Standards

(d) International Accounting and Financial Reporting Practices

**31.** 2,500 रु० खाता-मूल्य का जुड़नार 1,600 रु० में बेचा गया और 4,000 रु० मूल्य का नया जुड़नार अर्जित किया गया। यदि खरीद पर ढुलाई 5 रु० है, तो पूँजी हानि की राशि कितनी होगी?

*(a)* 2,500 रु०

*(b)* 900 रु०

*(c)* 1,605 रु०

*(d)* 4,005 रु०

**32.** निम्नलिखित में से कौन-सी क्रिया फर्म की नकदी के दुर्विनियोजन की ओर **नहीं** ले जायेगी?

*(a)* प्राप्त हुई किसी नकद राशि की प्रविष्टि को जानबूझकर छोड़ देना

*(b)* वास्तविकता में प्राप्त राशि से कम राशियों की प्रविष्टि करना

*(c)* रोकड़ बही की प्राप्तियों की तरफ कल्पित प्रविष्टियाँ करना

*(d)* रोकड़ बही के भुगतान की तरफ कल्पित प्रविष्टियाँ करना

**33.** निम्नलिखित में से किस एक मामले में साझेदारी फर्म के साझेदार को बिना अन्य साझेदारों की सहमति के प्राधिकार के प्रयोग का अधिकार **नहीं** है?

*(a)* फर्म की ओर से माल का क्रय एवं विक्रय

*(b)* फर्म की ओर से मुद्रा उधार लेना, स्टॉक-इन-ट्रेड को गिरवी रखकर या इसके बिना

*(c)* फर्म की अचल सम्पत्ति का स्थानान्तरण अथवा विक्रय

*(d)* फर्म की ओर से भुगतान प्राप्त करना और वैध प्राप्ति की रसीद निर्गमित करना

**34.** ह्यूलेट-पैकर्ड (HP) लेज़र प्रिन्टर व्यवसाय में विश्व-प्रमुख संस्था है जिसकी इस क्षेत्र में उच्च संवृद्धि एवं उच्च बाजार शेयर है। बोस्टन सलाहकार ग्राफ (BCG) आधात्री के अनुसार HP निम्नलिखित में से किस एक श्रेणी में आता है?

*(a)* कैश काउस

*(b)* स्टार्स

*(c)* डॉग्स

*(d)* क्वेश्चन मार्क्स

**35.** एक कम्पनी की संविदाएँ बनाने की सामर्थ्य किससे निश्चित होती है?

*(a)* इसके निगमन के प्रमाण-पत्र द्वारा

*(b)* इसके संस्थापन प्रलेख द्वारा

*(c)* इसके संस्था-अन्तर्नियम द्वारा

*(d)* इसके सूचना-ज्ञापन द्वारा

**36.** 01-04-2011 से भारत में किन अन्तर्राष्ट्रीय मानकों को कार्यान्वित किया जाएगा?

*(a)* अन्तर्राष्ट्रीय लेखाकरण एवं रिपोर्टिंग मानक

*(b)* अन्तर्राष्ट्रीय लेखाकरण एवं लेखापरीक्षा मानक

*(c)* अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानक

*(d)* अन्तर्राष्ट्रीय लेखाकरण एवं वित्तीय रिपोर्टिंग प्रथा (प्रैक्टिसेस)

**37.** A decrease in net book value arising on revaluation of fixed assets has to be

*(a)* debited to revaluation reserve

*(b)* credited to revaluation reserve

*(c)* debited to profit and loss account

*(d)* debited to capital reserve

**38.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I (Type of Asset)* | *List–II (Example)* |
|---|---|
| A. Intangible Assets | 1. Gas wells |
| B. Fixed Assets | 2. Preliminary expenses |
| C. Fictitious Assets | 3. Patent and Trademarks |
| D. Wasting Assets | 4. Generators |
| | 5. Cash balance |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 2 | 1 | 5 | 4 |
| *(b)* | 3 | 4 | 2 | 1 |
| *(c)* | 3 | 2 | 4 | 1 |
| *(d)* | 1 | 2 | 3 | 5 |

**39.** Which one of the following statements regarding forfeiture of shares is ***not*** correct?

*(a)* Forfeited shares may be reissued at a discount or at a premium

*(b)* The title of the new purchaser is not affected by any irregularity in the forfeiture or sale of the shares

*(c)* Return of allotment of reissue of forfeited shares is filed with the Registrar of Companies

*(d)* Board may consider the request from the defaulting ex-shareholder for the cancellation of forfeiture before the disposal of forfeited shares

**40.** What is the preferential order of payments to the following in the event of winding-up of a company?

1. Bank loan (secured)
2. Preference share capital
3. Debentures
4. Equity shares

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1–2–3–4

*(b)* 4–1–3–2

*(c)* 3–1–2–4

*(d)* 1–3–2–4

**37.** स्थायी परिसम्पत्तियों के पुनर्मूल्यन से निवल खाता मूल्य में आने वाली कमी को

*(a)* पुनर्मूल्यन निधि से डेबिट करना चाहिये

*(b)* पुनर्मूल्यन निधि से क्रेडिट करना चाहिये

*(c)* लाभ और हानि लेखा से डेबिट करना चाहिये

*(d)* पूँजी निधि से डेबिट करना चाहिये

**38.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची–I (परिसम्पत्तियों के प्रकार)** | **सूची–II (उदाहरण)** |
|---|---|
| A. अमूर्त परिसम्पत्तियाँ | 1. गैस-कुएँ |
| B. स्थिर परिसम्पत्तियाँ | 2. प्रारम्भिक व्यय |
| C. काल्पनिक परिसम्पत्तियाँ | 3. पेटेन्ट एवं ट्रेडमार्क |
| D. क्षयी परिसम्पत्तियाँ | 4. जेनेरेटर |
| | 5. रोकड़-शेष |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 2 | 1 | 5 | 4 |
| *(b)* | 3 | 4 | 2 | 1 |
| *(c)* | 3 | 2 | 4 | 1 |
| *(d)* | 1 | 2 | 3 | 5 |

**39.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन शेयरों की जब्ती के बारे में सही **नहीं** है?

*(a)* जब्त शेयरों को बट्टे पर अथवा प्रीमियम पर पुनर्निर्गमित कर सकते हैं

*(b)* नए खरीददार का स्वत्व शेयरों की जब्ती या बिक्री में हुई अनियमितता से प्रभावित नहीं होता

*(c)* पुनर्निर्गमित जब्ती शेयरों का रिटर्न रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज़ के कार्यालय में फाइल किया जाता है

*(d)* बोर्ड व्यतिक्रमी पूर्व शेयरधारकों की जब्ती रद्द करने के अनुरोध पर जब्त शेयरों के निपटान से पहले विचार कर सकता है

**40.** एक कम्पनी के समापन की स्थिति में निम्नलिखित को किए जाने वाले भुगतान का अधिमानी क्रम क्या है?

1. बैंक ऋण (रक्षित)
2. अधिमानी शेयर पूँजी
3. डिबेंचर
4. इक्विटी शेयर

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1–2–3–4

*(b)* 4–1–3–2

*(c)* 3–1–2–4

*(d)* 1–3–2–4

**41.** Consider the following statements with regard to trade discount :

1. It is a reduction in the catalogue price of an article.
2. It is allowed by the manufacturer or the wholesaler to the retailer.
3. Entry for trade discount must be made in the books of accounts.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 2 only

*(d)* 1, 2 and 3

**42.** Which one of the following is an example of direct confirmation?

*(a)* Management gives certificates of inventories held by the entity

*(b)* Supplier gives certificates regarding balances held as advance in their books

*(c)* Physical verification of cash balances

*(d)* Reconciliation of bank balance

**43.** *X* Ltd. offers the right to its shareholders to buy one share @ Rs 12 for every four shares of Rs 10 each held in the company. Market value of the shares on the date of such offer is Rs 27 per share. Identify the value of the right

*(a)* Rs 7

*(b)* Rs 3

*(c)* Rs 12

*(d)* Rs 5

**44.** *ABC* Organization, which deals in search engines on the Internet has innovated a lot of other add-ons to its portfolio which are well accepted by the customers. It follows informal communication, low formalization, decentralized decision authority with flexi time schedules and collaborative approach. It is a very innovative and creative organization with lot of employee engagement schemes.

What form of organization is this?

*(a)* Bureaucratic

*(b)* Matrix

*(c)* Organic

*(d)* Functional

**45.** Which of the following statements is/are correct?

1. If the Memorandum of Association and Articles of Association are inconsistent, the Articles must give way.
2. Statement in lieu of Prospectus is delivered to the Registrar of Companies by private companies, which are prohibited from inviting public to participate in their equity.
3. No company with unlimited liability of its members can be incorporated in India.
4. Courts cannot ignore the concept of separate corporate entity under any circumstances.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 4

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* 2, 3 and 4

**41.** व्यापारिक बट्टे के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. यह किसी सामग्री के सूची-मूल्य को घटाना है।
2. यह निर्माता या थोक विक्रेता द्वारा खुदरा व्यापारी को प्रदान किया जाता है।
3. व्यापारिक बट्टे की प्रविष्टि लेखा पुस्तकों में अवश्य की जानी चाहिये।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 2

*(d)* 1, 2 और 3

**42.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्रत्यक्ष पुष्टि का उदाहरण है?

*(a)* सत्व की मालसूची का प्रमाणपत्र प्रबन्ध द्वारा दिया जाता है

*(b)* लेखा पुस्तकों में उधार के रूप में शेष का प्रमाणपत्र पूर्तिकर्ता के द्वारा दिया जाता है

*(c)* नकद शेष का प्रत्यक्ष सत्यापन

*(d)* बैंक बैलेंस का समाधान

**43.** *X* लिमिटेड ने अपने शेयरधारकों को कम्पनी में उनके 10 रु० प्रति शेयर वाले हर 4 शेयरों पर, 1 शेयर, 12 रु० प्रति शेयर की दर पर लेने के अधिकार का प्रस्ताव किया। इस प्रस्ताव की तिथि पर शेयरों का बाजार मूल्य 27 रु० प्रति शेयर है। इस अधिकार का मूल्य क्या है?

*(a)* 7 रु०

*(b)* 3 रु०

*(c)* 12 रु०

*(d)* 5 रु०

**44.** *ABC* संगठन ने, जो इन्टरनेट में सर्च इंजनों में लेनदेन करती है, अपने पोर्टफोलियो में अनेक नवकल्पित अतिरिक्त विशेषताओं (add-ons) को जोड़ा जिसे उपभोक्ताओं द्वारा अच्छी तरह से स्वीकार किया गया। यह अनौपचारिक संप्रेषण, अल्प औपचारिकीकरण, विकेन्द्रित निर्णय प्राधिकार के साथ नम्य समय अनुसूचियों तथा सहयोगात्मक उपागम का अनुसरण करता है। यह एक अत्यधिक कर्मचारी परियुक्ति योजनाओं वाला अत्यन्त नव-कल्पनात्मक एवं रचनात्मक संगठन है।

यह किस प्रकार का संगठन है?

*(a)* नौकरशाही

*(b)* मैट्रिक्स

*(c)* जैविक

*(d)* कार्यात्मक

**45.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. यदि संस्थापन प्रलेख एवं संस्था अन्तर्नियमों के बीच असंगति है, तो संस्था अन्तर्नियम अप्रभावी होंगे।
2. निजी कम्पनियों के द्वारा, जिन्हें जनता को अपनी इक्विटी में भाग लेने के लिए आमंत्रित करने से प्रतिबन्धित किया गया है, विवरणपत्रिका के स्थान पर दिया जाने वाला कथन कम्पनी रजिस्ट्रार को दिया जायेगा।
3. सदस्यों के असीमित दायित्व वाली कोई भी कम्पनी भारत में निगमित नहीं की जा सकती।
4. न्यायालय किसी भी परिस्थिति में अलग निगमित सत्व की उपेक्षा नहीं कर सकते।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1

*(b)* 1 और 4

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* 2, 3 और 4

**46.** Consider the following data :

Purchases in chronological order

| | | |
|---|---|---|
| 200 cases @ Rs 100 | | Rs 20,000 |
| 200 cases @ Rs 125 | | Rs 25,000 |
| 200 cases @ Rs 150 | | Rs 30,000 |
| | Total | Rs 75,000 |
| Sales of 360 cases @ Rs 200 | | Rs 72,000 |

Which one of the following is the amount of gross profit of the firm if it follows FIFO system of inventory valuation?

*(a)* Rs 32,000

*(b)* Rs 22,000

*(c)* Rs 42,000

*(d)* Rs 11,000

**47.** Which one of the following statements is correct with regard to the liquidation of a sole trading business?

*(a)* The claim of the owner over the assets of the business entity comes first

*(b)* The claim of other stakeholders such as lenders, creditors and suppliers comes at the last

*(c)* The claim of the owner is residual and his claim on assets is subordinate to claim of others

*(d)* Both owners and other outside stakeholders have equal rights on assets of business entity

**48.** Vouching refers to the process of

*(a)* determining the authenticity and propriety of transactions and checking their correct recording in the books

*(b)* examination of the existence, possession and presence of any asset

*(c)* the enquiry into the value, ownership and title of the assets

*(d)* checking and verifying that generally accepted accounting principles are followed

**49.** Which one of the following does ***not*** relate to the issue of securities?

*(a)* Book Building Process

*(b)* Initial Public Offer

*(c)* Secondary Market

*(d)* Private Placement

**50.** Under which one of the following principles of organizing is it stated that the responsibility for actions ***cannot*** be greater than that implied by the authority delegated, nor should it be less?

*(a)* Principle of absoluteness of responsibility

*(b)* Principle of parity of authority and responsibility

*(c)* Principle of delegation by results expected

*(d)* Authority-level principle

**46.** निम्नलिखित आँकड़ों पर विचार कीजिए :

कालक्रमानुसार खरीदे गए

| | | |
|---|---|---|
| 200 केस @ 100 रु० | | 20,000 रु० |
| 200 केस @ 125 रु० | | 25,000 रु० |
| 200 केस @ 150 रु० | | 30,000 रु० |
| | कुल | 75,000 रु० |

बिक्री 360 केस की

@ 200 रु० 72,000 रु०

निम्नलिखित में से कौन-सी राशि फर्म का सकल लाभ है, यदि वह FIFO व्यवस्था से इन्वेन्ट्री मूल्यांकन करती है?

*(a)* 32,000 रु०

*(b)* 22,000 रु०

*(c)* 42,000 रु०

*(d)* 11,000 रु०

**47.** एकल व्यापार के शोधन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही है?

*(a)* व्यवसाय की परिसम्पत्तियों के संदर्भ में स्वामी का दावा सम्पूर्णतः सर्वप्रथम आता है

*(b)* अन्य स्टेकहोल्डरों जैसे ऋणदाताओं, लेनदारों एवं पूर्तिकारों का दावा सबसे अन्त में आता है

*(c)* स्वामी का दावा अवशेषीय है तथा उसका परिसम्पत्तियों का दावा अन्य लोगों की अपेक्षा गौण है

*(d)* दोनों, स्वामी एवं अन्य बाहरी स्टेकहोल्डरों को व्यवसाय की परिसम्पत्तियों पर समान अधिकार है

**48.** प्रत्ययन (वाउचिंग) किसकी प्रक्रिया को निर्दिष्ट करता है?

*(a)* व्यवहारों की प्रामाणिकता और औचित्य का निर्धारण और लेखाओं में उनकी सही प्रविष्टियों की जाँच करना

*(b)* किसी परिसम्पत्ति के अस्तित्व, कब्जे और उपस्थिति की परीक्षा करना

*(c)* परिसम्पत्तियों के मूल्य, स्वामित्व और हक की जाँच करना

*(d)* यह जाँच और सुपुष्टि करना कि सामान्य रूप से स्वीकार्य लेखा सिद्धान्तों का पालन हो रहा है

**49.** निम्नलिखित में से किस एक का सम्बन्ध प्रतिभूति के निर्गमन से **नहीं** है?

*(a)* बुक बिल्डिंग प्रक्रिया

*(b)* प्रारम्भिक सार्वजनिक प्रस्ताव

*(c)* द्वितीयक बाजार

*(d)* संस्थागत बिक्री

**50.** संगठन के निम्नलिखित सिद्धान्तों में से किस एक में कहा गया है कि कार्यों का उत्तरदायित्व प्रत्यायोजित प्राधिकार से विवक्षित दायित्व से अधिक **नहीं** हो सकता, न ही इसे कम होना चाहिए?

*(a)* उत्तरदायित्व की पूर्णता का सिद्धान्त

*(b)* उत्तरदायित्व और अधिकार की समता का सिद्धान्त

*(c)* प्रत्याशित परिणामों द्वारा प्रत्यायोजन का सिद्धान्त

*(d)* अधिकार-स्तर सिद्धान्त

**51.** Which one of the following pairs is ***not*** matched correctly?

| | *Error* | | *Effect on Final Account* |
|---|---|---|---|
| *(a)* | If a nominal account is wrongly given debit | : | Profit will decrease or loss will increase |
| *(b)* | If an item is omitted to be posted to the debit side of a nominal account | : | Profit will increase or loss will decrease |
| *(c)* | If an item is omitted to be posted to the credit side of a nominal account | : | Profit will increase or loss will decrease |
| *(d)* | If a nominal account is wrongly given credit | : | Profit will increase or loss will decrease |

**52.** Audit Programme is a

*(a)* set of audit procedures that should be performed in order to achieve audit objectives

*(b)* technique of auditing for obtaining the evidence required by the auditor

*(c)* reply to the enquiry put forth to corroborate the information contained in the records

*(d)* procedure employed to ensure the separation of transactions at the end of one year from those at the commencement of next year

**53.** Consider the following statements :

1. Put option is an option on a common stock under which the holder can buy a certain number of shares of the underlying stock at a prescribed price within a prescribed period.

2. Call option is an option on a common stock under which the holder of the option can sell a certain number of shares of the underlying stock at a prescribed price within a prescribed period.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**51.** निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा एक सुमेलित **नहीं** है?

| त्रुटि | अन्तिम लेखा पर प्रभाव |
|---|---|
| *(a)* यदि किसी आय-व्यय खाते में गलत नामे किया जाये | : लाभ घट जायेगा अथवा हानि बढ़ जायेगी |
| *(b)* यदि किसी मद की प्रविष्टि आय-व्यय खाते की नामे तरफ होनी छूट जाये | : लाभ बढ़ जायेगा अथवा हानि घट जायेगी |
| *(c)* यदि किसी मद की प्रविष्टि आय-व्यय खाते की जमा तरफ होने से छूट जाये | : लाभ बढ़ जायेगा अथवा हानि घट जायेगी |
| *(d)* यदि किसी आय-व्यय खाते में गलत क्रेडिट हो जाये | : लाभ बढ़ जायेगा अथवा हानि घट जायेगी |

**52.** लेखापरीक्षा कार्यक्रम क्या है?

*(a)* लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं का एक समूह है जिन्हें लेखापरीक्षा उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सम्पन्न किया जाना चाहिये

*(b)* लेखापरीक्षा करने की तकनीक है जिसे लेखापरीक्षक के द्वारा अपेक्षित साक्ष्य जुटाने के लिए प्रयुक्त किया जाता है

*(c)* अभिलेखों में अंतर्विष्ट जानकारी के सत्यापन में की जाने वाली जाँच का प्रत्युत्तर है

*(d)* एक प्रक्रिया है जिसका प्रयोग किसी वर्ष के अंत में हुए व्यवहारों और अगले वर्ष के आरम्भ में हुए व्यवहारों का पृथक्करण सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है

**53.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. पुट ऑप्शन, सामान्य स्टॉक पर लिया जाने वाला वह विकल्प है जिसमें धारक मूलाधार स्टॉक (underlying stock) के एक निश्चित संख्या के शेयर एक निर्धारित मूल्य पर एक निर्धारित समय-सीमा में खरीद सकता है।

2. कॉल ऑप्शन, सामान्य स्टॉक पर लिया जाने वाला वह विकल्प है जिसमें ऑप्शन धारक मूलाधार स्टॉक की निश्चित संख्या के शेयर, एक निर्धारित मूल्य पर एक निर्धारित समय-सीमा में बेच सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**54.** Consider the following paragraph and identify the organizational development technique referred therein using the code given below :

*It is a method of changing behaviour through unstructured group interaction. The group is made up of a professional behavioural scientist and a set of participants. There is no specified agenda. The professional, who is not to function as a group leader, merely creates the opportunity for participants to express their ideas and feelings. What evolves is discussion that focuses on the individual participant and their interactive processes.*

*Code* :

*(a)* Team building

*(b)* Intergroup development

*(c)* Sensitivity training

*(d)* Process consultation

**55.** Consider the following statements :

1. Warehousing charges (used for keeping finished goods) incurred is a direct expense.
2. All direct expenses should be shown on the debit side of the Trading Account.
3. Carriage outwards is an indirect expense.
4. All indirect expenses are shown on the debit side of the Profit & Loss Account.

Which of the statements given above are correct?

*(a)* 1, 2, 3 and 4

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 3 and 4 only

*(d)* 2, 3 and 4 only

**56.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| | *List–I* | | *List–II* |
|---|---|---|---|
| A. | Statistical sampling | 1. | Vouching |
| B. | Government bond verification | 2. | Physical verification |
| C. | Compulsory leave given to cashier | 3. | Selective verification |
| D. | Trend analysis | 4. | Internal control |
| | | 5. | Overall assessment |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 2 | 1 | 5 | 4 |
| *(b)* | 3 | 4 | 2 | 1 |
| *(c)* | 3 | 2 | 4 | 5 |
| *(d)* | 1 | 2 | 3 | 5 |

**54.** निम्नलिखित अनुच्छेद पर विचार कीजिए और उसमें संदर्भित संगठनात्मक विकास तकनीक को नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर पहचानिये :

*यह असंरचित समूह अन्योन्यक्रिया द्वारा व्यवहार परिवर्तित करने की एक प्रणाली है। यह समूह एक व्यावसायिक व्यवहारवादी वैज्ञानिक एवं सहभागियों के एक वर्ग से निर्मित होता है। इसमें कोई निर्धारित कार्यसूची नहीं होती। व्यावसायिक वैज्ञानिक, जिसे समूह नेता की भाँति कार्य नहीं करना है, सहभागियों के लिए अपने विचार और भावनाएँ प्रकट करने के अवसर का सृजन मात्र करता है। इससे जो उभर कर आती है वह है एक परिचर्चा जो प्रत्येक सहभागी और उनके अन्योन्यक्रियात्मक प्रक्रियाओं पर केन्द्रित होती है।*

**कूट :**

*(a)* समूह गठन

*(b)* अंतर्समूह विकास

*(c)* संवेदनशीलता प्रशिक्षण

*(d)* प्रक्रिया परामर्श

**55.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. उपगत मालगोदामी प्रभार (जिसे तैयार माल रखने के लिए प्रयोग किया जाता हो) एक प्रत्यक्ष व्यय है।
2. सभी प्रत्यक्ष व्यय व्यापार खाते की नामे तरफ दिखाये जाने चाहिये।
3. निर्गामी ढुलाई एक अप्रत्यक्ष व्यय है।
4. सभी अप्रत्यक्ष व्यय लाभ और हानि लेखा के नामे तरफ दिखाए जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से कथन सही हैं?

*(a)* 1, 2, 3 और 4

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 3 और 4

*(d)* केवल 2, 3 और 4

**56.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची–I** | **सूची–II** |
|---|---|
| A. सांख्यिकीय प्रतिदर्श-ग्रहण | 1. प्रत्ययन (वाउचिंग) |
| B. सरकारी बॉन्ड सत्यापन | 2. भौतिक सत्यापन |
| C. रोकड़िये को दिया गया अनिवार्य अवकाश | 3. चयनात्मक सत्यापन |
| D. प्रवृत्ति विश्लेषण | 4. आन्तरिक नियंत्रण |
| | 5. समग्र आकलन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 2 | 1 | 5 | 4 |
| *(b)* | 3 | 4 | 2 | 1 |
| *(c)* | 3 | 2 | 4 | 5 |
| *(d)* | 1 | 2 | 3 | 5 |

57. Which one of the following is a contract for the purchase or sale of securities, for the performance of which no time is specified, and which is to be performed immediately or within a reasonable time?

(a) Spot delivery contract

(b) Ready delivery contract

(c) Forward contract

(d) Option on securities

58. Consider the following statements about the Path-Goal theory of leadership :

1. It extracts key elements from the Michigan leadership studies.
2. According to this theory, a leader's behaviour is acceptable to subordinates to the degree that they view it as a source of satisfaction.
3. It implies that the same leader can display different leadership styles depending on the situation.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1, 2 and 3

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 2 only

59. Given :

| | |
|---|---|
| Sundry debtors on 1-1-2008 | = Rs 12,800 |
| Sundry debtors on 31-12-2008 | = Rs 9,800 |
| Cash received from debtors | = Rs 6,400 |
| Discount allowed | = Rs 350 |
| Bills received from debtors | = Rs 2,500 |
| Bad debts | = Rs 300 |
| Bills dishonoured by debtors | = Rs 400 |

From the above data, ascertain credit sales

(a) Rs 6,150

(b) Rs 6,000

(c) Rs 7,150

(d) Rs 6,500

60. Audit Notebook contains

(a) details of steps to be performed in the course of an examination

(b) a written scheme or a plan of action designed by the auditor

(c) observations during the course of examinations

(d) accounting records and financial statements

57. निम्नलिखित में से कौन-सा, प्रतिभूतियों के क्रय अथवा विक्रय का एक संविदा है, जिसके निष्पादन के लिए कोई समय निर्धारित नहीं है और जिसका निष्पादन तुरंत अथवा उचित समय में किया जाना है?

(a) तत्काल सुपुर्दगी संविदा

(b) तैयार सुपुर्दगी संविदा

(c) अग्रिम संविदा

(d) प्रतिभूति पर ऑप्शन

58. नेतृत्व के मार्ग-लक्ष्य सिद्धान्त के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह मिशिगन नेतृत्व अध्ययनों में से प्रमुख तत्वों का निष्कर्षण करता है।

2. इस सिद्धान्त के अनुसार, एक नेता का व्यवहार उसी सीमा तक अधीनस्थों को स्वीकार्य होता है जहाँ तक वे उसे संतुष्टि के स्रोत के रूप में देखते हैं।

3. यह उपलक्षित करता है कि वही नेता स्थिति के अनुसार अलग-अलग नेतृत्व-शैलियों का प्रदर्शन कर सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) केवल 2

59. दिया गया है :

| | | |
|---|---|---|
| 1-1-2008 को फुटकर देनदार | = | 12,800 रु० |
| 31-12-2008 को फुटकर देनदार | = | 9,800 रु० |
| देनदारों से प्राप्त नकदी | = | 6,400 रु० |
| अनुमत बट्टा | = | 350 रु० |
| देनदारों से प्राप्त बिल | = | 2,500 रु० |
| अशोध्य ऋण | = | 300 रु० |
| देनदारों द्वारा अस्वीकृत बिल | = | 400 रु० |

उपर्युक्त आँकड़ों के आधार पर उधार पर किये गये विक्रय का निर्धारण कीजिये

(a) 6,150 रु०

(b) 6,000 रु०

(c) 7,150 रु०

(d) 6,500 रु०

60. लेखपरीक्षा पुस्तिका में क्या होते हैं?

(a) किसी परीक्षण के दौरान निष्पादित किये जाने वाले चरणों के विवरण

(b) लेखापरीक्षक द्वारा अभिकल्पित एक लिखित स्कीम अथवा कार्य-योजना

(c) परीक्षाओं के दौरान किये गये प्रेक्षण

(d) लेखा रिकॉर्ड और वित्तीय विवरण

**61.** Sweat-equity shares are the shares issued to the

*(a)* directors or employees of the company at a discount

*(b)* existing shareholders of the company at a discount

*(c)* government, where government is a majority shareholder

*(d)* public in general at a discount

**62.** Which one of the following pairs about Management Information System (MIS) and Decision Support System (DSS) is ***not*** correctly matched?

| | *MIS* | | *DSS* |
|---|---|---|---|
| *(a)* | Emphasis on data storage | : | Emphasis on data manipulation |
| *(b)* | Reliance on manager's own judgement | : | Reliance on computer expert |
| *(c)* | Focus on structured tasks and routine decisions | : | Focus on semi-structured tasks |
| *(d)* | Often only indirect access to data by managers | : | Direct data access by managers |

**63.** Which of the following are the advantages of Manager Inventory Chart?

1. Managers who are close to retirement can be identified, and preparations can be made for their replacement.
2. It shows to what position a manager may be promoted.
3. Future internal supply of managers is shown by indicating who is promotable in a year or more.
4. Managers who do not perform satisfactorily are identified, and the need for training or replacement is indicated.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1, 2, 3 and 4

*(b)* 1 and 4 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 3 and 4 only

**64.** In respect of which one of the following companies it is optional to get Articles of Association registered along with the Memorandum of Association?

*(a)* Unlimited companies

*(b)* Companies limited by guarantee

*(c)* Private companies limited by shares

*(d)* Public companies limited by shares

**61.** स्वेट-इक्विटी शेयर वे शेयर हैं, जो निर्गमित किये जाते हैं

(a) कम्पनी के निदेशकों या कर्मचारियों को, बट्टे पर

(b) कम्पनी के वर्तमान शेयरधारकों को, बट्टे पर

(c) सरकार को, जहाँ सरकार बहुसंख्यक शेयरधारक है

(d) सामान्य रूप से जनता को, बट्टे पर

**62.** प्रबन्ध सूचना व्यवस्था (MIS) और निर्णय सहाय व्यवस्था (DSS) के बारे में निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा एक सुमेलित **नहीं** है?

| | MIS | | DSS |
|---|---|---|---|
| (a) | आँकड़ों के संग्रह पर बल | : | आँकड़ों के जोड़-तोड़ पर बल |
| (b) | प्रबन्धक के अपने निर्णय पर विश्वास | : | कम्प्यूटर विशेषज्ञ पर विश्वास |
| (c) | संरचित कार्यों या नित्यकर्मी निर्णयों पर केन्द्रित होना | : | अर्ध-संरचित कार्यों पर केन्द्रित होना |
| (d) | प्रायः प्रबन्धकों द्वारा आँकड़ों तक केवल अप्रत्यक्ष पहुँच होना | : | प्रबन्धकों की आँकड़ों तक सीधी पहुँच होना |

**63.** निम्नलिखित में से कौन-से प्रबन्धक इन्वेन्ट्री चार्ट के लाभ हैं?

1. सेवानिवृत्ति के निकट आ रहे प्रबन्धकों की पहचान की जा सकती है, और उनके प्रतिस्थापन के लिए तैयारी की जा सकती है।
2. यह दिखाता है कि किसी प्रबन्धक को किस पद पर प्रोन्नत किया जा सकता है।
3. एक वर्ष या अधिक में प्रोन्नति-योग्य प्रबन्धकों को इंगित करते हुए प्रबन्धकों की भावी आन्तरिक पूर्ति को दर्शाया जाता है।
4. सन्तोषजनक कार्यसम्पादन न करने वाले प्रबन्धकों को पहचाना जाता है और प्रशिक्षण एवं प्रतिस्थापन की आवश्यकता इंगित की जाती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) 1, 2, 3 और 4

(b) केवल 1 और 4

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 1, 3 और 4

**64.** निम्नलिखित कम्पनियों में से किस एक के विषय में संस्थापन प्रलेख के साथ संस्था के अन्तर्नियमों का पंजीकरण कराना ऐच्छिक है?

(a) असीमित कम्पनियाँ

(b) गारन्टी द्वारा सीमित कम्पनियाँ

(c) शेयरों द्वारा सीमित निजी कम्पनियाँ

(d) शेयरों द्वारा सीमित सार्वजनिक कम्पनियाँ

*Directions* :

The following **four (4)** items are based on the data given below :

*Mr. X started a business with an opening inventory of Rs 26,725 on April 1, 2009. During the month of April, 2009 he purchased goods worth Rs 1,62,505, paid salaries Rs 5,575, postage Rs 4,226, wages Rs 23,137, rent and taxes Rs 5,831, fuel and power Rs 1,350. On April 30, 2009 he had Rs 12,550 worth of inventories unsold. He had furniture worth Rs 7,250 in the beginning of the month and a depreciation of Rs 725 is to be charged for the month of April, 2009. Total debtors in the beginning of the month had been Rs 50,725, out of which Rs 1,025 is to be regarded as bad. Mr. X is also estimating that 5% of the remaining debtors are doubtful. Goods of the value of Rs 1,500 have been destroyed by fire and the insurance company has admitted claim for Rs 1,000. Total turnover during the month amounted to Rs 2,52,400. Mr. X had kept Rs 5,200 aside for provision for doubtful debts in the beginning of the month. An amount of Rs 100 has been accrued as interest on investment.*

**65.** What is the amount of gross profit earned by Mr. *X* during April, 2009?

*(a)* Rs 54,083

*(b)* Rs 52,733

*(c)* Rs 51,233

*(d)* Rs 64,705

**66.** What is the amount of net profit earned by Mr. *X* during April, 2009?

*(a)* Rs 37,666

*(b)* Rs 24,152

*(c)* Rs 37,166

*(d)* Rs 42,152

**67.** What is the amount to be transferred to Profit & Loss Account on account of 'provision for bad debts' for the month of April, 2009?

*(a)* Rs 1,690 Dr.

*(b)* Rs 1,960 Dr.

*(c)* Rs 1,690 Cr.

*(d)* Rs 1,960 Cr.

**68.** What would be the balance of 'debtors' as on April 30, 2009 to be shown in the Balance Sheet?

*(a)* Rs 49,700

*(b)* Rs 2,485

*(c)* Rs 50,200

*(d)* Rs 47,125

**69.** A Secret Reserve may be created by

*(a)* overvaluation of inventory

*(b)* showing real liabilities as contingent liabilities

*(c)* distribution of goodwill among partners

*(d)* overvaluation of liabilities

**निर्देश :**

निम्नलिखित **चार (4)** प्रश्न नीचे दिए गए आँकड़ों पर आधारित हैं :

*श्री X ने 1 अप्रैल, 2009 को 26,725 रु० के आरम्भिक माल से व्यवसाय प्रारम्भ किया। अप्रैल, 2009 माह के दौरान उसने 1,62,505 रु० लागत का माल खरीदा, 5,575 रु० का वेतन के रूप में, 4,226 रु० का डाकखर्च के रूप में, 23,137 रु० का मजदूरी के रूप में, 5,831 रु० का किराये और करों के रूप में, 1,350 रु० का ईंधन और बिजली के लिए भुगतान किया। 30 अप्रैल, 2009 को उसके पास 12,550 रु० का अविक्रित माल था। माह के प्रारम्भ में उसके पास 7,250 रु० का फर्नीचर था और 725 रु० का एक ह्रास अप्रैल, 2009 के लिए लगाया जाना था। माह के प्रारम्भ में कुल देनदार 50,725 रु० के थे, जिनमें से 1,025 रु० अशोध्य माने जाने हैं। श्री X का यह भी अनुमान है कि बाकी देनदारों में 5 प्रतिशत संदिग्ध हैं। 1,500 रु० की लागत का माल आग में नष्ट हो गया और बीमा कम्पनी ने 1,000 रु० का दावा स्वीकार किया है। इस माह की कुल बिक्री 2,52,400 रु० हुई। श्री X ने 5,200 रु० संदिग्ध ऋणों का प्रावधान करने के लिए माह के प्रारम्भ में अलग रख दिए। 100 रु० की राशि निवेश पर ब्याज के रूप में प्राप्त हुई है।*

**65.** श्री *X* द्वारा अप्रैल, 2009 में अर्जित सकल लाभ की राशि क्या है?

(*a*) 54,083 रु०

(*b*) 52,733 रु०

(*c*) 51,233 रु०

(*d*) 64,705 रु०

**66.** श्री *X* द्वारा अप्रैल, 2009 में अर्जित निवल लाभ की राशि क्या है?

(*a*) 37,666 रु०

(*b*) 24,152 रु०

(*c*) 37,166 रु०

(*d*) 42,152 रु०

**67.** माह अप्रैल, 2009 के लिए 'अशोध्य ऋणों के प्रावधान' की मद में लाभ और हानि खाते में कितनी राशि हस्तान्तरित होनी चाहिये?

(*a*) 1,690 रु० Dr.

(*b*) 1,960 रु० Dr.

(*c*) 1,690 रु० Cr.

(*d*) 1,960 रु० Cr.

**68.** 30 अप्रैल, 2009 को तुलन-पत्र में दिखाया जाने वाला 'देनदारों' का शेष क्या होगा?

(*a*) 49,700 रु०

(*b*) 2,485 रु०

(*c*) 50,200 रु०

(*d*) 47,125 रु०

**69.** एक गुप्त आरक्षित निधि संरचित की जा सकती है

(*a*) माल के अतिमूल्यांकन द्वारा

(*b*) वास्तविक देयताओं को प्रासंगिक देयताओं के रूप में दिखाकर

(*c*) साझेदारों के बीच साख के वितरण द्वारा

(*d*) देयताओं के अतिमूल्यांकन द्वारा

**70.** The provisions of ISO 14000 and ISO 26000 are associated respectively with

(a) environment and social responsibility

(b) product design and social responsibility

(c) environment and product design

(d) social responsibility and productivity

**71.** Consider the following statements :

1. Frederick Taylor's machine view of people and organization was essentially an open-system perspective.

2. An open-system approach recognizes the dynamic interaction of the system with its environment.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**72.** Given that the reserve for doubtful debts stood at Rs 1,500 on January 1, 2008. The bad debts shown in the Trial Balance during the year amounted to Rs 500. On December 31, 2008 sundry debtors owed Rs 14,000. Provision for doubtful debts is 5%. What will be the debtors' balance in the Balance Sheet?

(a) Rs 13,300

(b) Rs 13,000

(c) Rs 13,400

(d) Rs 13,500

**73.** A debit may signify

(a) decrease in asset account

(b) increase in asset account

(c) increase in liability account

(d) increase in capital account

**74.** Consider the following statements regarding dishonour of bill of exchange :

1. The burden of noting charges ultimately falls on the acceptor.
2. Inland bills are to be noted compulsorily.
3. Noting of bill is optional in case of foreign bills.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 1 and 2

(c) 1 and 3

(d) 2 and 3

**70.** ISO 14000 एवं ISO 26000 क्रमशः किनसे सम्बन्धित हैं?

*(a)* पर्यावरण एवं सामाजिक दायित्व

*(b)* उत्पाद अभिकल्प एवं सामाजिक दायित्व

*(c)* पर्यावरण एवं उत्पाद अभिकल्प

*(d)* सामाजिक उत्तरदायित्व एवं उत्पादकता

**71.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. फ्रेडरिक टेलर का लोगों और संगठन सम्बन्धी मशीनी दृष्टिकोण तत्वतः एक खुली व्यवस्था का परिप्रेक्ष्य है।
2. खुली व्यवस्था उपागम, व्यवस्था की, उसके पर्यावरण के साथ, गतिशील अन्योन्यक्रिया को स्वीकार करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**72.** दिया गया है कि संदिग्ध ऋणों के लिए आरक्षित निधि 1 जनवरी, 2008 को 1,500 रु० है। शेष परीक्षण-पत्र (ट्रायल बैलेंस) में दिखाई गई, वर्ष के दौरान, संदिग्ध ऋणों की राशि 500 रु० थी। 31 दिसम्बर, 2008 को फुटकर देनदारों की देनदारी 14,000 रु० थी। संदिग्ध ऋणों का प्रावधान 5% किया गया। तुलन-पत्र में देनदारों का शेष क्या होगा?

*(a)* 13,300 रु०

*(b)* 13,000 रु०

*(c)* 13,400 रु०

*(d)* 13,500 रु०

**73.** नामे (डेबिट) से क्या आशय हो सकता है?

*(a)* परिसम्पत्ति खाते में कमी

*(b)* परिसम्पत्ति खाते में वृद्धि

*(c)* देयता खाते में वृद्धि

*(d)* पूँजी खाते में वृद्धि

**74.** विनिमय-पत्र की अस्वीकृति के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. निकराई प्रभार का भार अन्ततः स्वीकारकर्ता पर पड़ता है।
2. अन्तर्देशीय बिलों पर टिप्पण अनिवार्य है।
3. विदेशी बिलों पर टिप्पण ऐच्छिक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* 1 और 2

*(c)* 1 और 3

*(d)* 2 और 3

**75.** Consider the following aspects of organizing works in a fast-food restaurant :

1. Cooks and servers at the drive-up window coordinate orders by means of computer printouts and two-way radios.
2. The crew members who serve customers may be thought of as working in one department, while those who cook may be in another department.
3. Work is divided between those who cook burgers and those who make fries, for example.
4. Some people report to other people and take orders and advice from other people. Servers who are in training are lower in the hierarchy than are assistant managers, for example.

Which among the following is the correct logical sequence of steps in organizing the above restaurant?

*(a)* 1–2–3–4

*(b)* 2–1–3–4

*(c)* 3–2–4–1

*(d)* 3–4–2–1

**76.** Consider the following statements about the nature of Limited Liability Partnership (LLP) :

1. The LLP can continue its existence irrespective of changes in partners.
2. No partner is liable on account of the independent or unauthorized actions of other partners.
3. Minimum seven partners are required for formation of an LLP.
4. LLPs are registered with the Registrar of Companies (appointed under the Companies Act, 1956) after following the provisions specified in the LLP Act.

Which of the statements given above are correct?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1, 2 and 4

*(c)* 1, 3 and 4

*(d)* 2 and 4 only

**77.** In which one of the following cases, appointment or reappointment of auditor or auditors shall be made only by a special resolution?

*(a)* In case of a company in which not less than twenty-five percent of the subscribed share capital is held, whether singly or in combination by a nationalized bank or an insurance company carrying on general insurance business

*(b)* In case of a company in which not less than twenty-five percent of the subscribed share capital is held by a foreign company

*(c)* In case of a company whose twenty-five percent of the subscribed share capital is held by its Directors

*(d)* In case of a company whose twenty-five percent of the subscribed share capital is held by other corporate bodies

**75.** एक फास्ट-फूड रेस्तराँ में कार्यों के संगठन के निम्नलिखित पहलुओं पर विचार कीजिए :

1. ड्राइव-अप खिड़की पर, खानसामे और परोसने वाले कम्प्यूटर प्रिंट-आउट और दुतरफे रेडियो की सहायता से माँग आदेशों का समन्वय करते हैं।

2. दल सदस्य जो ग्राहकों को परोसते हैं, एक विभाग के रूप में माने जा सकते हैं, जबकि पकाने वाले अन्य विभाग माने जायेंगे।

3. उदाहरणार्थ, बर्गर बनाने वालों और फ्राइज़ बनाने वालों के बीच कार्य बँटे हुए हैं।

4. कुछ लोग अन्य लोगों को रिपोर्ट करते हैं, और अन्य लोगों से आदेश एवं परामर्श लेते हैं। उदाहरण के रूप में परोसने वाले, जो अभी प्रशिक्षण पा रहे हैं, सोपानक्रम में सहायक प्रबन्धकों से नीचे हैं।

उपर्युक्त रेस्तराँ के कार्य को संगठित करने में चरणों का सही युक्तियुक्त अनुक्रम निम्नलिखित में से कौन-सा है?

*(a)* 1–2–3–4

*(b)* 2–1–3–4

*(c)* 3–2–4–1

*(d)* 3–4–2–1

**76.** सीमित दायित्व साझेदारी (LLP) की प्रकृति के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. LLP अपना अस्तित्व, साझेदारों में परिवर्तन से निरपेक्ष, जारी रख सकती है।

2. कोई साझेदार अन्य साझेदारों के स्वतंत्र अथवा अनधिकृत कार्यों के लिए दायी नहीं होता।

3. LLP के गठन के लिए कम-से-कम सात साझेदारों की आवश्यकता होती है।

4. LLP का पंजीकरण, LLP अधिनियम के अनुसार रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज़ (कम्पनी अधिनियम, 1956 के अधीन नियुक्त) के साथ होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* 1, 2 और 4

*(c)* 1, 3 और 4

*(d)* केवल 2 और 4

**77.** निम्नलिखित में से किस एक स्थिति में लेखापरीक्षक अथवा लेखापरीक्षकों की नियुक्ति या पुनर्नियुक्ति केवल एक विशेष प्रस्ताव द्वारा ही की जाएगी?

*(a)* उस कम्पनी की स्थिति में जहाँ कम-से-कम 25% अभिदेय शेयर पूँजी, एकल अथवा संयुक्त रूप से किसी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सामान्य बीमा व्यापार करने वाली किसी बीमा कम्पनी के अधिकार में हो

*(b)* उस कम्पनी की स्थिति में जहाँ कम-से-कम 25% अभिदेय शेयर पूँजी किसी विदेशी कम्पनी के अधिकार में हो

*(c)* उस कम्पनी की स्थिति में जिसकी 25% अभिदेय शेयर पूँजी उसके निदेशकों के अधिकार में हो

*(d)* उस कम्पनी की स्थिति में जिसकी 25% अभिदेय शेयर पूँजी अन्य निगमित निकायों के अधिकार में हो

**78.** Given :

| | | |
|---|---|---|
| Opening stock | = Rs | 50,000 |
| Sales | = Rs | 1,50,000 |
| Carriage inwards | = Rs | 10,000 |
| Sales returns | = Rs | 10,000 |
| Gross profit on sales | = Rs | 60,000 |
| Net loss | = Rs | 10,000 |
| Purchases | = Rs | 1,00,000 |
| Purchases returns | = Rs | 9,000 |

What is the value of closing stock?

*(a)* Rs 61,000

*(b)* Rs 50,000

*(c)* Rs 48,000

*(d)* Rs 71,000

**79.** Which one of the following does the balance of the Receipts and Payments Account indicate?

*(a)* The total cash payments during a period

*(b)* The total loss incurred during a period

*(c)* Cash in hand or bank balance on the date of the balance

*(d)* Excess of income over expenditure

**80.** According to which one of the following conventions of accounting, stock-in-trade is valued at market price or cost price whichever is lower?

*(a)* Consistency

*(b)* Materiality

*(c)* Conservatism

*(d)* Full disclosure

**81.** Duty drawbacks are extended to the exporters by the

*(a)* Ministry of Finance

*(b)* Ministry of Commerce and Industry

*(c)* Ministry of Corporate Affairs

*(d)* Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises

**82.** Consider the following paragraph and identify the scheduling technique referred therein using the code given below :

*It shows output level, both planned and actual, over a period of time. It helps the managers to identify when tasks are supposed to be done and compares that to the actual progress on each. It lets managers detail easily what has yet to be done to complete a job and to assess whether an activity is ahead of, behind, or on schedule.*

*Code* :

*(a)* Load Chart

*(b)* Gantt Chart

*(c)* Programme Evaluation and Review Technique (PERT)

*(d)* Break-even Analysis

**78.** दिया गया है :

| | | |
|---|---|---|
| प्रारम्भिक स्टॉक | = | 50,000 रु० |
| विक्रय | = | 1,50,000 रु० |
| आवक ढुलाई | = | 10,000 रु० |
| विक्रय वापसी | = | 10,000 रु० |
| विक्रय पर सकल लाभ | = | 60,000 रु० |
| निवल हानि | = | 10,000 रु० |
| क्रय | = | 1,00,000 रु० |
| क्रय वापसी | = | 9,000 रु० |

शेष माल (क्लोजिंग स्टॉक) का मूल्य क्या है?

(a) 61,000 रु०

(b) 50,000 रु०

(c) 48,000 रु०

(d) 71,000 रु०

**79.** प्राप्तियाँ एवं भुगतान लेखा का तुलन निम्नलिखित में से कौन-सा एक दर्शाता है?

(a) किसी समयकाल में किये गये कुल नकद भुगतान

(b) किसी समयकाल में हुई कुल हानि

(c) तुलन की तिथि पर हाथ रोकड़ अथवा बैंक बैलेंस

(d) आय का व्यय पर आधिक्य

**80.** निम्नलिखित लेखा परिपाटियों में से किस एक के अनुसार, विक्रेय स्टॉक का मूल्य, बाजार कीमत अथवा लागत कीमत, दोनों में से जो कम हो, उस पर आँका जाता है?

(a) संगति

(b) मूर्तता

(c) रूढ़िवाद

(d) पूर्ण प्रकटन

**81.** निर्यातकों को दी जाने वाली शुल्क वापसी किसके द्वारा दी जाती है?

(a) वित्त मंत्रालय

(b) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

(c) निगम मामलों का मंत्रालय

(d) माइक्रो, लघु एवं मध्यम उद्योगों का मंत्रालय

**82.** निम्नलिखित अनुच्छेद पर विचार कीजिये और नीचे दिए गए कूट की सहायता से इसमें वर्णित शेड्यूलिंग तकनीक को पहचानिये :

*यह, एक कालावधि के दौरान, नियोजित और वास्तविक दोनों उत्पाद स्तरों को दर्शाता है। यह प्रबन्धकों को यह जाननें में मदद करता है कि कब कार्यों को किया जाना है, और उनका मिलान प्रत्येक कार्य की वास्तविक प्रगति से करता है। यह प्रबन्धकों को विस्तार से जानने देता है कि एक नियत कार्य को सम्पूर्ण करने के लिए और क्या करना है और यह आकलन करने देता है कि कोई कार्य, कार्यक्रम से आगे, पीछे या बराबर है।*

**कूट :**

(a) लोड चार्ट

(b) गैन्ट चार्ट

(c) कार्यक्रम मूल्यांकन और पुनरीक्षण प्रविधि [प्रोग्राम इवैल्यूएशन ऐन्ड रिव्यू टेकनीक (PERT)]

(d) संतुलन-स्तर विश्लेषण (ब्रेक-इवेन एनेलिसिस)

**83.** Which one of the following contracts is *ultra vires* ?

(a) The Memorandum of Association of a company defined its objects : "To make and sell, or lend on hire, railway carriages and wagons and all kinds of railway plant, etc., to carry on business of mechanical engineers and general contractors". The company entered into a contract to finance the construction of a railway line in Belgium

(b) A railway company having sole object of running business of carrying goods and passengers by trains owns rail-road carried over arches. The company converts arches into shops and lets out those shops to tenants

(c) A railway company having authority in its Memorandum of Association to keep vessels for the purpose of a ferry uses vessels for excursion trips to sea when vessels are otherwise unemployed

(d) A railway company having sole object of carrying on business of running goods trains enters into a contract to sell the hay which grows on the banks of railway lines laid by the company

**84.** Given :

| | |
|---|---|
| Subscriptions received during the year 2008 | = Rs 7,000 |
| Subscriptions outstanding at the beginning of the year 2008 | = Rs 1,400 |
| Subscriptions outstanding at the closing of the year 2008 | = Rs 1,600 |

What would be the amount of subscriptions to be credited to Income and Expenditure Account of the year 2008?

(a) Rs 7,200

(b) Rs 7,000

(c) Rs 8,400

(d) Rs 8,600

**85.** When a new partner does ***not*** bring Goodwill in cash and Goodwill Account is raised in the books at full value, in what ratio the amount will be distributed to the old partners?

(a) Equal ratio

(b) New profit-sharing ratio

(c) Sacrificing ratio

(d) Old profit-sharing ratio

**83.** निम्नलिखित संविदाओं में से कौन-सा एक अधिकारातीत है?

*(a)* एक कम्पनी ने अपने संस्थापन प्रलेख में अपने उद्देश्यों को परिभाषित किया—"रेलवे कैरिज और वैगन तथा सभी प्रकार के रेलवे संयंत्र आदि बनाना, बेचना या किराये पर देना; यांत्रिक इंजीनियरों एवं सामान्य कॉन्ट्रैक्टरों का व्यवसाय चलाना।" कम्पनी ने बेल्जियम में एक रेलवे लाइन के निर्माण का वित्तपोषण करने का संविदा किया

*(b)* एक रेलवे कम्पनी, जिसका एकमात्र उद्देश्य माल को और लोगों को रेल द्वारा लाने ले जाने का व्यवसाय करना है, उस रेलमार्ग पर स्वामित्व रखती है जो मेहराबों पर से जा रहा है। कम्पनी इन मेहराबों को दुकानों में बदल देती है और उन दुकानों को किरायेदारों को किराये पर दे देती है

*(c)* एक रेलवे कम्पनी जो अपने संस्थापन प्रलेख द्वारा, नाव व्यवस्था के उद्देश्य से जहाज रखने के लिए प्राधिकृत है, इन जहाजों का प्रयोग समुद्री विहार यात्रा के लिए करती है, जब ये जहाज अन्य उपयोग में नहीं आ रहे होते

*(d)* एक रेलवे कम्पनी, जिसका एकमात्र उद्देश्य मालगाड़ी चलाने का व्यवसाय करना है, कम्पनी द्वारा निर्मित रेलमार्गों के किनारे उगी घास को बेचने का एक संविदा करती है

**84.** दिया गया है :

| | |
|---|---|
| वर्ष 2008 में प्राप्त अभिदान | = 7,000 रु० |
| वर्ष 2008 के प्रारम्भ में बकाया अभिदान | = 1,400 रु० |
| वर्ष 2008 के अन्त में बकाया अभिदान | = 1,600 रु० |

वर्ष 2008 के लिए आय और व्यय खाते में जमा की जाने वाली अभिदान की राशि क्या होगी?

*(a)* 7,200 रु०

*(b)* 7,000 रु०

*(c)* 8,400 रु०

*(d)* 8,600 रु०

**85.** यदि एक नया साझेदार नकद में सुनाम **नहीं** लाता और सुनाम लेखा, पुस्तकों में पूर्ण मूल्य पर दर्शाया गया है, तो पुराने साझेदारों को राशि किस अनुपात में वितरित होगी?

*(a)* समान अनुपात में

*(b)* नये लाभ-सहभाजन अनुपात में

*(c)* त्याग अनुपात में

*(d)* पुराने लाभ-सहभाजन अनुपात में

**86.** A system of internal check is supposed to be operational in any business organization when

(a) an employee is specifically assigned the task of checking the work done by another employee/employees

(b) the departmental head checks the work done by his subordinates

(c) outside experts check the work done by employees

(d) one employee of the same department checks the work of another employee while discharging his duties in routine office procedure

**87.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| | List–I (Principles of Insurance) | | List–II (Explanation) |
|---|---|---|---|
| A. | *Uberrimae Fidei* | 1. | Immediate cause |
| B. | Insurable Interest | 2. | Promise to compensate loss |
| C. | Indemnity | 3. | Mutual trust |
| D. | *Causa proxima* | 4. | Legally recognized relationship |

*Code :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**88.** *X*, *Y* and *Z* are sharing profit and loss in the ratio of 2 : 2: 1. *Z* retired and his shares were purchased equally by *X* and *Y*. What will be the new profit-sharing ratio of *X* and *Y*?

(a) 1/2 : 1/2

(b) 3/5 : 2/5

(c) 2/5 : 3/5

(d) 1/2 : 2/5

**89.** Given below are some of the factors influencing the amount of centralization and decentralization in an organization. Identify the one under which more centralization is desirable

(a) Environment is more complex, uncertain

(b) Company is geographically dispersed

(c) Organization is facing a crisis or the risk of company failure

(d) Corporate culture is more open to allowing managers to have a say in what happens

**86.** किसी व्यावसायिक संगठन में आंतरिक जाँच की व्यवस्था क्रियाशील मानी जाती है, जब

*(a)* किसी कर्मचारी को अन्य कर्मचारी/कर्मचारियों के कार्य की जाँच का कार्य विशेष रूप से सौंपा जाये

*(b)* विभागीय प्रमुख अपने अधीनस्थों द्वारा किए गए कार्य की जाँच करता हो

*(c)* बाह्य विशेषज्ञ कर्मचारियों द्वारा किए गए कार्य की जाँच करते हों

*(d)* उसी विभाग का एक कर्मचारी, नेमी कार्यालय कार्यविधि में अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाह करने के साथ-साथ किसी अन्य कर्मचारी के कार्य की जाँच करता हो

**87.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची–I (बीमा का सिद्धान्त)** | **सूची–II (व्याख्या)** |
|---|---|
| A. परम विश्वास (*यूबेरीम फिडी*) | 1. तत्काल कारण |
| B. बीमा-योग्य हित | 2. हानि की पूर्ति का वचन |
| C. क्षतिपूर्ति | 3. पारस्परिक न्यास |
| D. निकट हेतुक (*कॉज़ा प्रॉक्सिमा*) | 4. विधि द्वारा मान्य सम्बन्ध |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 2 | 4 | 1 |
| *(b)* | 1 | 2 | 4 | 3 |
| *(c)* | 1 | 4 | 2 | 3 |
| *(d)* | 3 | 4 | 2 | 1 |

**88.** $X$, $Y$ और $Z$ लाभ और हानि में $2:2:1$ के अनुपात में भागी हैं। $Z$ साझेदारी से निवृत्त हो गया और उसके भाग को $X$ और $Y$ ने बराबर खरीद लिया। $X$ और $Y$ का नया लाभ-सहभाजन अनुपात क्या होगा?

*(a)* 1/2 : 1/2

*(b)* 3/5 : 2/5

*(c)* 2/5 : 3/5

*(d)* 1/2 : 2/5

**89.** किसी संगठन में केन्द्रीकरण और विकेन्द्रीकरण के परिमाण को प्रभावित करने वाले कुछ घटक नीचे दिए गए हैं। इनमें से उस एक को पहचानिए जहाँ अपेक्षाकृत अधिक केन्द्रीकरण वांछनीय है

*(a)* पर्यावरण अधिक जटिल, अनिश्चित हो

*(b)* कम्पनी भौगोलिक रूप से विसरित हो

*(c)* संगठन संकटावस्था का सामना कर रहा हो या कम्पनी विफलता की जोखिम का सामना कर रही हो

*(d)* कम्पनी संस्कृति इसके प्रति अपेक्षाकृत अधिक मुक्त है कि प्रबन्धक, कम्पनी की गतिविधियों में अपनी राय दें

**90.** The Articles of Association of a company required that all deeds, etc., should be signed by the Managing Director, the Secretary and a working Director on behalf of the company. The plaintiff accepted a deed of mortgage executed by the Secretary and a working Director only. Which one of the following statements reflects the correct legal position with reference to the above facts?

*(a)* The company would be held liable to the plaintiff on the basis of doctrine of Indoor Management

*(b)* The company could be held liable on the basis of doctrine of estoppel

*(c)* The company could be held liable to the plaintiff who acted in good faith and whose money has been used for the benefits of the company

*(d)* The plaintiff cannot claim any rights under the mortgage deed even if he had not read Articles of Association since there is constructive notice of Articles of Association

**91.** A firm is expected to yield a profit of Rs 5,00,000 and the general expectation is 16%. If the value of net assets of the firm amount to Rs 21,00,000, what will be the value of its goodwill calculated on Capitalization method?

*(a)* Rs 31,25,000

*(b)* Rs 21,00,000

*(c)* Rs 10,25,000

*(d)* Rs 1,25,000

**92.** What would be the estimated value of inventories as per variable sampling method, if the total number of items of inventories are 2012 and the total sum of value of 340 items taken as sample is Rs 3,10,080?

*(a)* Between Rs 18,44,900 to Rs 18,44,950

*(b)* Between Rs 18,44,400 to Rs 18,44,450

*(c)* Between Rs 18,34,900 to Rs 18,34,950

*(d)* Between Rs 18,34,400 to Rs 18,34,450

**93.** *X* and *Y* are partners in a firm. *Z* is admitted into the firm with 2/9th share of profits. *Z* brings goodwill premium of Rs 7,200 in cash. *X*, *Y* and *Z* agree to share future profit/loss in the ratio of 4 : 3 : 2. What will be the amount of goodwill premium to be credited to *Y*'s Capital Account?

*(a)* Rs 3,600

*(b)* Rs 1,800

*(c)* Rs 5,400

*(d)* Rs 7,200

**94.** How is 'unclaimed dividends' shown in the Balance Sheet?

*(a)* As provisions

*(b)* As reserve and surplus

*(c)* As current liabilities

*(d)* As miscellaneous items

**90.** एक कम्पनी के संस्था के अन्तर्नियम के अनुसार, सभी विलेखों आदि पर, कम्पनी की ओर से, प्रबन्ध निदेशक, सचिव और एक कार्यरत निदेशक के हस्ताक्षर होने चाहिए। वादी ने केवल सचिव एवं एक कार्यरत निदेशक द्वारा निष्पादित एक बन्धक-विलेख को स्वीकार किया। निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन उपर्युक्त तथ्यों के संदर्भ में सही कानूनी स्थिति दर्शाता है?

*(a)* कम्पनी आन्तरिक प्रबन्ध के सिद्धान्त के आधार पर वादी के प्रति दायी मानी जायेगी

*(b)* कम्पनी विबन्धन के सिद्धान्त के आधार पर दायी मानी जा सकती है

*(c)* कम्पनी वादी के प्रति दायी मानी जा सकती है जिसने सद्विश्वास में कार्य किया और जिसका धन कम्पनी के लाभ के लिए प्रयुक्त किया गया

*(d)* वादी बन्धक-विलेख के अन्तर्गत किसी अधिकार का दावा नहीं कर सकता भले ही उसने संस्था के अन्तर्नियम न पढ़े हों क्योंकि यहाँ संस्था के अन्तर्नियमों का रचनात्मक नोटिस है

**91.** एक फर्म से 5,00,000 रु० का लाभ देने की अपेक्षा है और सामान्य अपेक्षा 16% है। यदि फर्म की निवल परिसम्पत्ति का मूल्य 21,00,000 रु० है, तो पूँजीकरण पद्धति से आकलन करने पर उसके सुनाम का मूल्य क्या होगा?

*(a)* 31,25,000 रु०

*(b)* 21,00,000 रु०

*(c)* 10,25,000 रु०

*(d)* 1,25,000 रु०

**92.** परिवर्ती प्रतिचयन विधि के अनुसार माल का प्राक्कलित मूल्य क्या होगा, यदि माल की मदों की कुल संख्या 2012 है और प्रचयनित 340 मदों के मूल्य का कुल जोड़ 3,10,080 रु० है?

*(a)* 18,44,900 रु० से 18,44,950 रु० के बीच

*(b)* 18,44,400 रु० से 18,44,450 रु० के बीच

*(c)* 18,34,900 रु० से 18,34,950 रु० के बीच

*(d)* 18,34,400 रु० से 18,34,450 रु० के बीच

**93.** $X$ और $Y$ एक फर्म में साझेदार हैं। $Z$ को फर्म में लाभों के 2/9 हिस्से के साथ शामिल किया जाता है। $Z$ अपने साथ 7,200 रु० का सुनाम प्रीमियम नकदी में लाता है। $X$, $Y$ और $Z$ आगामी लाभ और हानि को 4 : 3 : 2 के अनुपात में बाँटने के लिए सहमत होते हैं। $Y$ के पूँजी लेखा में जमा होने वाली सुनाम प्रीमियम की राशि क्या होगी?

*(a)* 3,600 रु०

*(b)* 1,800 रु०

*(c)* 5,400 रु०

*(d)* 7,200 रु०

**94.** तुलन-पत्र में 'अ-दावी लाभांशों' को किस प्रकार दिखाया जाता है?

*(a)* प्रावधान के रूप में

*(b)* आरक्षित निधि और अधिशेष के रूप में

*(c)* चालू देयताओं के रूप में

*(d)* प्रकीर्ण मदों के रूप में

**95.** Consider the following statements :

1. Marine insurance policies are valued policies and the market fluctuations are avoided. In case of fire insurance policies, doctrine of indemnity is followed and only the market value of the property at the time of loss is compensated.
2. Marine insurance policies cannot be freely assignable whereas fire insurance policies are freely assignable.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**96.** In which one of the following situations, the doctrine of Indoor Management would apply?

*(a)* Directors of a company borrowed a sum of money on bonds from a bank. The company's Articles of Association provided that Directors might borrow on bonds such sums as may from time to time be authorized by a resolution passed at a general meeting of the company. The shareholders of the company claimed that there had been no such resolution authorizing Directors to borrow money. Bank relies on doctrine of Indoor Management

*(b)* Directors of a company issued debentures to themselves by lending Rs 20 lakh to the company without assent of the general meeting in spite of the fact that Articles of Association of the company required prior approval of general meeting for lending money to the company on debentures beyond Rs 10 lakh. Directors seek protection of doctrine of Indoor Management

*(c)* Articles of Association of a company provided that Board of Directors could delegate to any person power to execute transfer deeds of company's property. *X* accepted a transfer of the company's property from its accountant. *X* pleads doctrine of Indoor Management to hold company liable under the transfer deed

*(d)* *Z* was the transferee of a share certificate issued under the seal of a company. The certificate was issued by the company's Secretary who had affixed the seal of the company and forged signatures of two Directors. *Z* wants to hold company liable by pleading doctrine of Indoor Management

**95.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. समुद्री बीमा पॉलिसियाँ मूल्यवान पॉलिसियाँ हैं और बाजारी उतार-चढ़ाव का परिहार होता है। अग्नि बीमा पॉलिसियों की स्थिति में क्षतिपूर्ति के सिद्धान्त का पालन किया जाता है और केवल सम्पत्ति के हानि के समय पर प्रचलित बाजार मूल्य की ही प्रतिपूर्ति की जाती है।

2. समुद्री बीमा पॉलिसियाँ मुक्त रूप से समुदेशित नहीं की जा सकतीं, जबकि अग्नि बीमा पॉलिसियाँ मुक्त रूप से समुदेशित की जा सकती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**96.** निम्नलिखित में से किस एक स्थिति में आन्तरिक प्रबन्ध (इनडोर मैनेजमेंट) का सिद्धान्त लागू होगा?

*(a)* एक कम्पनी के निदेशकों ने एक बैंक से एक राशि बॉन्ड पर उधार ली। कम्पनी के संस्था के अन्तर्नियमों में उपबन्ध था कि निदेशक बॉन्ड पर ऐसी राशि उधार ले सकते हैं जिसे कम्पनी की साधारण सभा में, समय-समय पर, एक संकल्प पारित कर प्राधिकृत किया गया हो। कम्पनी के शेयरधारकों ने दावा किया कि निदेशकों द्वारा उधार लेने को प्राधिकृत करने वाला ऐसा कोई संकल्प नहीं पारित किया गया था। बैंक आन्तरिक प्रबन्ध के सिद्धान्त पर निर्भर करता है

*(b)* कम्पनी के निदेशकों ने कम्पनी को 20 लाख रुपए का ऋण देकर अपने-आप को, बिना साधारण सभा की अनुमति के, ऋणपत्र निर्गमित किए, इस तथ्य के बावजूद कि कम्पनी के संस्था के अन्तर्नियमों के अनुसार कम्पनी को ऋणपत्रों पर 10 लाख रुपए से अधिक ऋण देने के लिए साधारण सभा का पूर्वानुमोदन आवश्यक था। निदेशक आन्तरिक प्रबन्ध के सिद्धान्त की सुरक्षा चाहते हैं

*(c)* कम्पनी के संस्था के अन्तर्नियम उपबन्ध करते हैं कि निदेशक-मंडल किसी व्यक्ति को कम्पनी की सम्पत्ति का हस्तान्तरण विलेख निष्पादित करने की शक्ति प्रत्यायोजित कर सकता है। $X$ ने कम्पनी की सम्पत्ति का हस्तान्तरण उसके लेखाकार से स्वीकार किया। $X$ इस हस्तान्तरण विलेख के लिए कम्पनी को दायी बनाने हेतु आन्तरिक प्रबन्ध के सिद्धान्त का दावा करता है

*(d)* $Z$, कम्पनी की सील के अन्तर्गत निर्गमित एक शेयर प्रमाणपत्र का हस्तान्तरिती है। यह प्रमाणपत्र कम्पनी सचिव द्वारा निर्गमित किया गया जिसने कम्पनी की सील लगाई और दो निदेशकों के जाली हस्ताक्षर किए। $Z$ आन्तरिक प्रबन्ध के सिद्धान्त का दावा कर कम्पनी को दायी बनाना चाहता है

**97.** Out of which of the following sources a company may purchase its own shares or other specified securities?

1. Free reserves
2. Securities premium account
3. Proceeds of any share or other specified securities
4. Proceeds of an earlier issue of the same kind of shares or same kind of other specified securities

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1, 2 and 3

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 3 and 4

**98.** Interest paid on debentures is shown in

*(a)* Profit & Loss Account

*(b)* Profit & Loss Appropriation Account

*(c)* Balance Sheet under the heading 'Current Liabilities'

*(d)* Balance Sheet as an addition to the Debentures Account

**99.** SEBI, in recent times, has made it mandatory for listed companies to disclose to the public the number of 'Encumbered Shares'. What do such shares mean?

*(a)* Shares held by promoters

*(b)* Promoters' holding pledged with lenders

*(c)* Shares not issued by the company

*(d)* Preference shares

**100.** Which one of the following is ***not*** the right of the statutory auditor of a company?

*(a)* Access to books, accounts and vouchers

*(b)* Attending Board Meetings

*(c)* Attending General Meeting

*(d)* Visiting branches of company

**97.** निम्नलिखित स्रोतों में से किनमें से कम्पनी खुद अपने शेयर अथवा अन्य विनिर्दिष्ट प्रतिभूतियाँ खरीद सकती है?

1. मुक्त आरक्षित निधि
2. प्रतिभूतियाँ प्रीमियम लेखा
3. शेयरों या अन्य विनिर्दिष्ट प्रतिभूतियों पर प्राप्तियाँ
4. उसी प्रकार के शेयरों अथवा उसी प्रकार की अन्य विनिर्दिष्ट प्रतिभूतियों के पहले किये गये निर्गमन की प्राप्तियाँ

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* 1, 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 3 और 4

**98.** ऋणपत्रों पर दिया जाने वाला ब्याज किसमें दिखाया जाता है?

*(a)* लाभ और हानि खाते में

*(b)* लाभ और हानि विनियोजन लेखा में

*(c)* तुलन-पत्र में, 'चालू देयताएँ' शीर्ष के अन्तर्गत

*(d)* तुलन-पत्र में, ऋणपत्र लेखा के एक अतिरिक्त रूप में

**99.** SEBI ने हाल में सूचीबद्ध कम्पनियों के लिए अपने 'भारित शेयरों' की संख्या का सार्वजनिक प्रकटन अनिवार्य कर दिया है। ऐसे शेयरों से क्या आशय है?

*(a)* प्रवर्तकों के द्वारा धारित शेयर

*(b)* ऋणदाताओं के पास गिरवी रखे प्रवर्तकों के शेयर

*(c)* कम्पनी द्वारा अनिर्गमित शेयर

*(d)* अधिमान शेयर

**100.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक किसी कम्पनी के सांविधिक लेखापरीक्षक का अधिकार **नहीं** है?

*(a)* बहियों, लेखाओं एवं वाउचरों तक अभिगम

*(b)* बोर्ड की बैठकों में उपस्थित होना

*(c)* साधारण सभा में उपस्थित होना

*(d)* कम्पनी की शाखाओं में जाना

**101.** Who appoints the auditor of a Government Company?

*(a)* Shareholders in the Annual General Meeting

*(b)* The Comptroller and Auditor General of India

*(c)* Government on the advice of the Comptroller and Auditor General of India

*(d)* The Comptroller and Auditor General of India is responsible for audit, therefore, auditor is not appointed

*Directions* :

The following **four (4)** items are based on the data given below :

*A limited company offered for public subscription 10000 shares of Rs 10 each at Rs 11 per share. Money was payable Rs 3 on application, Rs 4 on allotment (including premium), Rs 4 on first and final call. Applications were received for 12000 shares and the directors made pro rata allotment. Mr. X, an applicant for 120 shares, could not pay the allotment and call money; and Mr. Y, a holder of 200 shares, failed to pay the call. All these shares were forfeited. Out of the forfeited shares 150 shares (whole of X's holding included) were issued at Rs 8 per share.*

**102.** What is the amount of money received on allotment?

*(a)* Rs 40,000

*(b)* Rs 6,000

*(c)* Rs 34,000

*(d)* Rs 33,660

**103.** With how much amount 'Securities Premium Account' should be debited at the time of forfeiture?

*(a)* Nil

*(b)* Rs 500

*(c)* Rs 100

*(d)* Rs 1,000

**104.** What is the total amount of money received by the company on forfeited shares (excluding premium)?

*(a)* Rs 1,670

*(b)* Rs 1,560

*(c)* Rs 1,660

*(d)* Rs 1,650

**105.** What is the amount of capital profit transferred to Capital Reserve?

*(a)* Rs 360

*(b)* Rs 630

*(c)* Rs 660

*(d)* Rs 300

**101.** सरकारी कम्पनी के लेखापरीक्षक की नियुक्ति कौन करता है?

(a) वार्षिक साधारण सभा में, शेयरधारक

(b) भारत का नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक

(c) भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की सलाह पर, सरकार

(d) भारत का नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक लेखापरीक्षा के लिए उत्तरदायी है, अतः लेखापरीक्षक की नियुक्ति नहीं की जाती

**निर्देश :**

निम्नलिखित **चार (4)** प्रश्नांश नीचे दिए गए आँकड़ों पर आधारित हैं :

*एक सीमित कम्पनी ने सार्वजनिक अभिदान के लिए अपने 10 रु० प्रति शेयर कीमत वाले 10000 शेयरों को 11 रु० प्रति शेयर पर प्रस्तावित किया। मुद्रा का भुगतान 3 रु० आवेदन के समय, 4 रु० आबंटन के समय (प्रीमियम सहित) और 4 रु० प्रथम तथा अन्तिम माँग (कॉल) पर होना था। 12000 शेयरों के लिए आवेदन प्राप्त हुए और निदेशकों ने यथानुपात आबंटन किया। 120 शेयरों के एक आवेदक श्री X, आबंटन और माँग राशि (कॉल मनी) का भुगतान नहीं कर पाये; और 200 शेयरों के धारक श्री Y, माँग पर भुगतान करने में असफल रहे। इन सभी शेयरों का समपहरण कर लिया गया। समपहृत शेयरों में से 150 शेयरों (जिनमें X के सभी शेयर शामिल हैं) को 8 रु० प्रति शेयर पर निर्गमित कर दिया गया।*

**102.** आबंटन पर प्राप्त राशि क्या है?

(a) 40,000 रु०

(b) 6,000 रु०

(c) 34,000 रु०

(d) 33,660 रु०

**103.** 'प्रतिभूति प्रीमियम लेखा' को, समपहरण के समय, कितनी राशि से नामे (डेबिट) किया जाना चाहिये?

(a) शून्य

(b) 500 रु०

(c) 100 रु०

(d) 1,000 रु०

**104.** समपहृत शेयरों पर (प्रीमियम निकाल कर) कम्पनी को प्राप्त कुल राशि कितनी है?

(a) 1,670 रु०

(b) 1,560 रु०

(c) 1,660 रु०

(d) 1,650 रु०

**105.** पूँजी आरक्षित निधि में पूँजी लाभ की कितनी राशि अन्तरित हुई?

(a) 360 रु०

(b) 630 रु०

(c) 660 रु०

(d) 300 रु०

**106.** If an auditor becomes subject to any of the disqualifications as specified in Section 226(3) and (4) of the Companies Act, 1956 after his appointment

*(a)* the appointing authority will ask him to vacate his office

*(b)* the Company Law Board will ask him to tender his resignation

*(c)* he will be deemed to have vacated his office

*(d)* the Institute of Chartered Accountants of India will terminate him from office

**107.** Under the asset-liability measurement approach, profit is measured by

*(a)* matching revenues and expenses during the reporting period

*(b)* the change in net assets during the reporting period

*(c)* matching assets with operating incomes and expenses during the reporting period

*(d)* the change in assets and liabilities composition as on a given date

**108.** Which one of the following duties of an internal auditor is ***not*** a specific duty?

*(a)* Evaluation of the performance of service departments and ascertaining their productivity

*(b)* Examination of the delegation of authorities and accountability of the key officials

*(c)* Carrying out investigations *suo moto* or as desired by the management

*(d)* Periodic verification of assets and liabilities

**109.** The following journal entry appears in the books of *X* Co. Ltd. :

| | | | |
|---|---|---|---|
| Bank A/c | Dr. | 4,75,000 | |
| Loss on issue of Debentures A/c | Dr. | 75,000 | |
| To 12% Debentures A/c | | | 5,00,000 |
| To Premium on Redemption of Debentures A/c | | | 50,000 |

What is the rate of discount at which the debentures have been issued?

*(a)* 15%

*(b)* 5%

*(c)* 10%

*(d)* 20%

**106.** यदि कोई लेखापरीक्षक, अपनी नियुक्ति के बाद, कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 226(3) एवं (4) में विनिर्दिष्ट अयोग्यताओं का पात्र बनता है, तो

*(a)* नियोक्ता प्राधिकारी उसे अपना पद छोड़ने के लिए कहेगा

*(b)* कम्पनी विधि बोर्ड उसे अपना त्यागपत्र प्रस्तुत करने के लिए कहेगा

*(c)* ऐसा माना जायेगा कि उसने अपना पद छोड़ दिया है

*(d)* दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट्स ऑफ इंडिया उसकी सेवा समाप्त कर देगा

**107.** परिसम्पत्ति-देयता मापन उपागम के अनुसार, लाभ का मापन किससे किया जाता है?

*(a)* रिपोर्टिंग अवधि के दौरान आय और व्यय के सुमेलन से

*(b)* रिपोर्टिंग अवधि के दौरान निवल परिसम्पत्तियों में हुए परिवर्तन से

*(c)* रिपोर्टिंग अवधि के दौरान परिसम्पत्तियों के, प्रचालन आय और व्यय के साथ सुमेलन से

*(d)* परिसम्पत्तियों और देयताओं के संयोजन में एक नियत तिथि पर परिवर्तन से

**108.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक आन्तरिक लेखापरीक्षक का निर्दिष्ट कर्तव्य **नहीं** है?

*(a)* सेवा विभागों के निष्पादन का मूल्यांकन करना और उनकी उत्पादकता सुनिश्चित करना

*(b)* प्रमुख अधिकारियों के प्राधिकारों के प्रत्यायोजन और जवाबदेही का परीक्षण करना

*(c)* स्वप्रेरणा से अथवा प्रबन्ध की वांछा पर जाँच-पड़ताल करना

*(d)* समय-समय पर परिसम्पत्तियों और देयताओं का सत्यापन करना

**109.** *X* कम्पनी लिमिटेड की बहियों में निम्नलिखित जर्नल प्रविष्टि है :

| | | |
|---|---|---|
| बैंक A/c | Dr. 4,75,000 रु० | |
| ऋणपत्रों के निर्गमन पर हानि A/c | Dr. 75,000 रु० | |
| 12% ऋणपत्र A/c को | | 5,00,000 रु० |
| ऋणपत्रों के शोधन पर प्रीमियम A/c को | | 50,000 रु० |

ऋणपत्रों को बट्टे की किस दर पर निर्गमित किया गया है?

*(a)* 15%

*(b)* 5%

*(c)* 10%

*(d)* 20%

**110.** Under which of the following situations the current ratio of a firm will increase?

1. Cash received from debtors
2. Issue of redeemable debentures for cash
3. Selling the old machine for cash
4. Converting debentures into equity capital

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 3 only

*(d)* 2 and 4

**111.** Which of the following is/are the objective(s) of Management Audit?

1. To detect errors and frauds
2. To report whether Balance Sheet and Profit & Loss Account present a true and fair view of business
3. To ensure optimum utilization of human resources
4. To suggest improved methods of managerial operations

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1, 3 and 4

*(b)* 2 and 4

*(c)* 3 and 4 only

*(d)* 3 only

**112.** If Sundry Debtors is Rs 15,000; Bills Receivable Rs 12,500; Cash at Bank Rs 17,500; Stock Rs 15,000; Profit Rs 20,000; Creditors Rs 25,000; Bills Payable Rs 15,000 and Sales Rs 1,00,000, what is the acid-test ratio?

*(a)* 1·5 : 1

*(b)* 1·125 : 1

*(c)* $16\frac{2}{3}\%$

*(d)* 50%

**110.** निम्नलिखित परिस्थितियों में से किसमें/किनमें एक फर्म का चालू अनुपात बढ़ जायेगा?

1. देनदारों से नकद प्राप्ति
2. शोधनीय ऋणपत्रों का नकद निर्गमन
3. पुरानी मशीन का नकद विक्रय
4. ऋणपत्रों का इक्विटी पूँजी में रूपान्तरण

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 3

*(d)* 2 और 4

**111.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से प्रबन्ध लेखापरीक्षा का/के उद्देश्य है/हैं?

1. त्रुटियों एवं कपट का पता लगाना
2. सूचित करना कि तुलन-पत्र और लाभ एवं हानि लेखा व्यवसाय की सत्य और निष्पक्ष प्रस्तुति करते हैं या नहीं
3. मानव संसाधनों के इष्टतम उपयोग को सुनिश्चित करना
4. प्रबन्धकीय संक्रियाओं के बेहतर तरीके सुझाना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1, 3 और 4

*(b)* 2 और 4

*(c)* केवल 3 और 4

*(d)* केवल 3

**112.** यदि विविध देनदार 15,000 रु०; प्राप्तियोग्य बिल 12,500 रु०; बैंक में नकदी 17,500 रु०; स्टॉक 15,000 रु०; लाभ 20,000 रु०; लेनदार 25,000 रु०; देय बिल 15,000 रु० और विक्रय 1,00,000 रु० हों, तो साख-निर्धारण अनुपात (ऐसिड-टेस्ट रेशियो) क्या है?

*(a)* 1·5 : 1

*(b)* 1·125 : 1

*(c)* $16\frac{2}{3}$%

*(d)* 50%

**113.** What does a high current ratio followed by a low liquid ratio indicate?

(a) Firm's inability to collect debts

(b) Firm's ability to pay off short-term liabilities quickly

(c) Firm's inability to clear inventories leading to stock piling and stock obsolescence

(d) None of the above

**114.** When is a highly geared capital structure beneficial to the interests of the ordinary shareholders?

(a) The Internal Rate of Return (IRR) is lower than the external rate of interest payable

(b) The IRR is equal to the external rate of interest payable

(c) The IRR is greater than the external rate of interest payable

(d) Benefit to the ordinary shareholders is independent of external rate of interest

**115.** Debt capital is often considered a cheaper mode of finance, because

(a) it is easily available

(b) interest on it gets tax advantage

(c) dependence on it does not affect the day-to-day functioning of business

(d) repayment is easy

**116.** Mr. *X*, a partner of *X* & Co. (Chartered Accountants), advised the MD of *Z* Ltd. to include in sales orders under negotiations to reflect a better financial position for obtaining bank loan. *X* & Co. are the internal auditor of *Z* Ltd. Which among the following propositions regarding the liability of Mr. *X* is correct?

(a) *X* is not liable because he did not issue any written opinion

(b) *X* is liable to the management and not to third parties

(c) *X* is not liable because internal auditor must act for the utmost benefit of his employer

(d) *X* is liable since he has acted in negligent manner and there has been a failure to act honestly and reasonably

**113.** उच्च चालू अनुपात, जिसका अनुसरण एक निम्न तरल अनुपात करता है, क्या दर्शाता है?

(a) फर्म की ऋण-वसूली में असमर्थता

(b) फर्म की लघुकालीन देयताओं का शीघ्र भुगतान करने की क्षमता

(c) फर्म की मालसूची समाशोधन में अक्षमता जिसके कारण स्टॉक संग्रहीत और अप्रचलित हो जाता है

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**114.** एक उच्च गियरित पूँजी संरचना सामान्य शेयरधारकों के हितों के लिए कब लाभदायी होती है?

(a) आन्तरिक प्रतिलाभ दर (IRR) देय बाह्य ब्याज-दर से कम है

(b) IRR देय बाह्य ब्याज-दर के बराबर है

(c) IRR देय बाह्य ब्याज-दर से अधिक है

(d) सामान्य शेयरधारकों का लाभ बाह्य ब्याज-दर पर निर्भर नहीं है

**115.** ऋण पूँजी को प्रायः वित्त का अपेक्षाकृत सस्ता प्रकार माना जाता है, क्योंकि

(a) यह आसानी से प्राप्य है

(b) इस पर मिले ब्याज पर कर का लाभ मिलता है

(c) इस पर निर्भरता, व्यवसाय के दैनिक क्रियाकलापों को प्रभावित नहीं करती

(d) इसका पुनर्भुगतान सरल है

**116.** *X* ऐण्ड कं० (चार्टर्ड एकाउन्टैंट्स) के साझेदार श्री *X* ने *Z* लि० के MD को बैंक ऋण प्राप्ति हेतु अधिक अच्छी वित्तीय स्थिति को प्रतिबिम्बित करने के लिए वार्ताधीन विक्रय आदेशों को सम्मिलित करने की सलाह दी। *X* ऐण्ड कं०, *Z* लि० का आन्तरिक लेखापरीक्षक है। श्री *X* की देयता से सम्बन्धित निम्नलिखित में से कौन-सी एक प्रतिज्ञप्ति सही है?

(a) *X* दायी नहीं है क्योंकि उसने कोई लिखित अभिमत निर्गत नहीं किया है

(b) *X* प्रबन्धन के प्रति दायी है तथा तृतीय पक्षकारों के प्रति दायी नहीं है

(c) *X* दायी नहीं है क्योंकि आन्तरिक लेखा-परीक्षक को अपने नियोक्ता के चरम लाभ के लिए अवश्य ही कार्य करना होता है

(d) *X* दायी है क्योंकि उसने उपेक्षापूर्वक कार्य किया है तथा ईमानदार व विवेकपूर्ण तरीके से काम करने में असफल रहा है

**117.** Consider the following statements :

1. Basic EPS and Diluted EPS are always the same.
2. Diluted EPS are always more than Basic EPS.
3. Diluted EPS are normally less than Basic EPS.
4. Diluted EPS may be equal to Basic EPS.

Which of the above statements is/are correct?

*(a)* 1 and 3

*(b)* 2

*(c)* 3 and 4

*(d)* 3 only

**118.** An increase in the gross profit ratio as compared with that for the previous period may ***not*** indicate

*(a)* an increase in the sale price of the goods sold without corresponding increase in costs

*(b)* stock omitted from the inventory at the end of the period

*(c)* invoices for purchases omitted from the accounts

*(d)* stock-in-trade at the beginning valued at a figure lower than it should have been

**119.** In funds flow analysis, net increase in working capital will appear as

*(a)* sources of funds

*(b)* uses of funds

*(c)* an item in adjusted Profit and Loss Account

*(d)* funds from operations

**120.** What does a high payout ratio indicate?

*(a)* A high EPS

*(b)* That the company is earning high profit

*(c)* That management is not ploughing back enough profits

*(d)* That management is ploughing back profits

**117.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. मूल EPS एवं अवमिश्रित EPS सदैव एक ही हैं।

2. अवमिश्रित EPS हमेशा मूल EPS से अधिक होते हैं।

3. अवमिश्रित EPS सामान्यतः मूल EPS से कम होते हैं।

4. अवमिश्रित EPS, मूल EPS के बराबर हो सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* 1 और 3

*(b)* 2

*(c)* 3 और 4

*(d)* केवल 3

**118.** पिछली कालावधि के सकल लाभ अनुपात की तुलना में, बढ़ा हुआ सकल लाभ अनुपात क्या **नहीं** दर्शाता है?

*(a)* बिके माल के विक्रय कीमत में वृद्धि, बिना लागत में संगत वृद्धि के

*(b)* कालावधि के अन्त में स्टॉक का मालसूची में जुड़ने से छूट जाना

*(c)* क्रय बीजकों का लेखा में से छूट जाना

*(d)* विक्रेय स्टॉक का प्रारम्भ में अपनी समुचित कीमत से कम पर मूल्य आँका जाना

**119.** निधि प्रवाह विश्लेषण में, कार्यशील पूँजी में नेट वृद्धि किस रूप में प्रदर्शित होगी?

*(a)* निधि-स्रोत के रूप में

*(b)* निधि-उपयोगों के रूप में

*(c)* समायोजित लाभ-हानि लेखा में एक मद के रूप में

*(d)* प्रचालनों से प्राप्त निधि के रूप में

**120.** एक उच्च अदायगी अनुपात क्या दर्शाता है?

*(a)* एक उच्च EPS

*(b)* कम्पनी ऊँचा लाभ कमा रही है

*(c)* प्रबन्ध पर्याप्त लाभ-विनिवेश नहीं कर रहा है

*(d)* प्रबन्ध लाभ-विनिवेश कर रहा है

## SPACE FOR ROUGH WORK

## SPACE FOR ROUGH WORK

★ ★ ★

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**टी.बी.सी. : N–DTQ–K–EQO** **परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

**क्रम संख्या**

41941

# परीक्षण पुस्तिका

**A**

## वाणिज्य

**समय : दो घण्टे** **पूर्णांक : 300**

## अ नु दे श

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए।
2. उत्तर-पत्रक में सही स्थान पर परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम **A, B, C** या **D** यथास्थिति स्पष्ट रूप से कूटबद्ध कीजिए।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ** न लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक** ही प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए।
6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई (0·33)** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

*Note* : English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.